

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र

ऋषभ इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए, अगले छह सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे... -पेज: 7

सपने जैसा है बड़े पोस्टर्स और पर्दे पर खुद को देखना........ -पेज: 8

वर्ष: 01 | अंक: 106 | शुक्रवार 25 जुलाई 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


# राहुल गांधी पर राम कदम का तीखा हमला: 'बयानों से आतंकियों को खुश करते हैं', कांग्रेस पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी):** भारतीय जनता पार्टी के विधायक राम कदम ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जोरदार पलटवार किया है। कदम ने राहुल गांधी के उस बयान पर आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने के अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावों पर 'कुछ न कुछ तो दाल में काला है' कहा था। गुरुवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान राम कदम ने राहुल गांधी के इस बयान को "पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों को खुश करने वाला" करार दिया। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी के कुछ वर्षों के बयानों को देखकर लगता है कि जैसे उन्होंने आतंकियों को खुश करने के लिए सुपारी ली है। हर दूसरे दिन वह आतंकियों को खुश करने के लिए बयान देते हैं। भारत माता के सपूत हैं, कभी सोचा है क्या महसूस हुआ होगा? राम कदम ने राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा, "आप भारत माता के सपूत हैं, क्या कभी आपने सोचा कि आपके इस बयान से हमारी साहसी फौज, पहलगाम आतंकी

**भारतीय जनता पार्टी के विधायक राम कदम ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जोरदार पलटवार किया है। कदम ने राहुल गांधी के उस बयान पर आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने के अमेरिकी राष्ट्रपति...**



हमले में अपनों को खोने वाले लोगों को कैसा महसूस हुआ होगा?" कदम ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी कभी बयान देने से पहले सोचते नहीं हैं और बस "आतंकियों को खुश करने में ही उन्हें आनंद आता है।" उन्होंने यह भी दावा किया कि राहुल गांधी विदेश दौरे पर हमेशा देश के खिलाफ बात करते हैं और कांग्रेस में वे ऐसे नेता हैं जो हमेशा "बालक की भांति बात करते हैं।" महाराष्ट्र कांग्रेस और 'सामना' पर भी साधा निशाना राम कदम ने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाले पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपकाले ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर "अनर्गल बयान" इसीलिए दिया ताकि वह सुर्खियों में बने रहें। कदम ने कहा, "हम हर मंच से उन्हें जवाब देने के लिए तैयार हैं।" उन्होंने उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के मुखपत्र 'सामना' में चुनाव आयोग को लेकर की गई टिप्पणी पर भी टिप्पणी की। कदम ने कहा कि वइळ से उनके अपने लोगों ने किनारा कर लिया है और ये लोग सुर्खियों में रहने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को कोसते हैं। उन्होंने 'सामना' पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब लोकसभा चुनाव जीते तो आयोग अच्छा था, लेकिन चुनाव हारे तो आयोग गलत कैसे हो गया? इसे उन्होंने "दोहरी मानसिकता" बताया। सांगली टॉयलेट वीडियो और तेजस्वी यादव पर भी बोले कदम राम कदम ने सांगली टॉयलेट वीडियो और मारपीट मामले को "दुर्भाग्यपूर्ण" करार दिया। उन्होंने कहा कि "हिंदुत्व का नाम लेकर दल चलाने वाले लोग अपने हिंदू भाई को किसी भाषा की आड़ में मार रहे हैं। क्या यह आपका हिंदुत्व है? मारने का अधिकार तो किसी को नहीं है। कोई किसी जाति या धर्म का हो तो मारने का अधिकार किसी को नहीं है। तेजस्वी यादव पर टिप्पणी करते हुए राम कदम ने कहा कि जब चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम, चुनाव आयोग सब कुछ सही लगता है। कर्नाटक में जीत मिली, तब सब कुछ अच्छा था। तेलंगाना में भी कोई सवाल नहीं उठाया गया। लेकिन जब हार सामने नजर आती है, तो तुरंत संस्थाओं पर सवाल उठाने लगते हैं। उन्होंने इसे "दोगली बात" बताया जो लोकतंत्र के लिए शोभा नहीं देती। मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट और न्यायपालिका मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पर उन्होंने कहा कि "हमारी न्यायपालिका सबूतों के आधार पर फैसला लेती है। इसमें काफी विलंब हुआ है। हाई कोर्ट से न्याय नहीं मिला है सलिए सुप्रीम कोर्ट से अपील की गई है।"

## भारत के सहकारी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन आज अमित शाह करेंगे नई सहकारिता नीति का अनावरण



**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज अटल अक्षय ऊर्जा भवन में राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 का अनावरण करेंगे, जो भारत के सहकारी क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। एक्स पर एक पोस्ट में, शाह ने कहा कि यह नीति सहकारिता आंदोलन को नवाचार, आधुनिक तकनीक और युवाओं की ऊर्जा से प्रेरित भविष्य की ओर ले जाएगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, "आज भारत के सहकारी क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में देश को नई 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025' प्राप्त होगी। यह नीति सहकारिता आंदोलन को नवाचार, आधुनिक तकनीक और युवा शक्ति से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार करेगी।" सहकारिता मंत्रालय के अनुसार, नई सहकारिता नीति 2025 का उद्देश्य सहकारी क्षेत्र को पुनर्जीवित और आधुनिक बनाना है साथ ही जमीनी स्तर पर एक रोडमैप बनाकर सहकारिता के माध्यम से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करना है। इससे पहले 2002 में, भारत की पहली राष्ट्रीय सहकारी नीति जारी की गई थी, जिसमें सहकारी संस्थाओं के भीतर आर्थिक गतिविधियों के बेहतर प्रबंधन के लिए एक बुनियादी ढाँचा प्रदान किया गया था।

# 'क्या बिहार में फर्जी वोट डालने दिए जाएं, तेजस्वी के चुनाव बहिष्कार की बात पर ईसी की दो टूक

**नई दिल्ली (एजेंसी):** बिहार चुनाव से पहले मतदाता लिस्ट पुनरीक्षण मामले को लेकर चुनाव आयोग का जवाब सामने आया है। दरअसल चुनाव आयोग के इस फैसले को लेकर कई राजनीतिक पार्टियां सवाल खड़े कर रही थीं। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा था कि चुनाव के बहिष्कार पर विचार हो सकता है। अब चुनाव आयोग ने अपने आलोचकों को जवाब दिया है। आयोग ने कहा, "भारत का संविधान भारतीय लोकतंत्र की जननी है....तो क्या इन बातों से डरकर, निर्वाचन आयोग को कुछ लोगों के बहकावे में आकर, संविधान के खिलाफ जाकर, पहले बिहार में, फिर पूरे देश में, मृतक मतदाताओं, स्थायी रूप से पलायन



कर चुके मतदाताओं, दो स्थानों पर वोट दर्ज कराने वाले मतदाताओं, फर्जी मतदाताओं या विदेशी मतदाताओं के नाम पर फर्जी वोट डालने का रास्ता बनाना चाहिए?" आयोग ने सवालिया लहजे में कहा, "क्या निर्वाचन आयोग की ओर से पारदर्शी प्रक्रिया से तैयार की जा रही प्रामाणिक मतदाता सूची निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला नहीं है? इन सवालों पर, कभी न कभी, हम सभी को और भारत के सभी नागरिकों को राजनीतिक विचारधाराओं से परे जाकर, गहराई से सोचना होगा। और शायद आप सभी के लिए इस आवश्यक चिंतन का सबसे उपयुक्त समय अब भारत में आ गया है।" 22 साल बाद हो रहा वोटर लिस्ट का रिवीजन बिहार में बीते 22 सालों में ये पहली बार है, जब इस तरह से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसका मुख्य मकसद मतदाता सूची को दुरुस्त करना, साफ-सुथरा और पारदर्शी बनाना है। इसके माध्यम से अयोग्य, डुप्लिकेट/फर्जी या गैर-मौजूद प्रविष्टियों को हटाया जाना है, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि केवल सभी पात्र नागरिक ही इसमें शामिल हों।

# वह हर चीज में विवाद पैदा करना चाहती हैं, ममता बनर्जी पर मिथुन चक्रवर्ती ने साधा निशाना


**पश्चिम बंगाल (एजेंसी):** भाजपा नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा और अन्य राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी श्रमिकों पर हमलों के उनके हालिया बयान को निराधार बताया तथा उन पर राजनीतिक लाभ के लिए भय फैलाने का आरोप लगाया। ममता बनर्जी पर वार करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि वह हर चीज में विवाद पैदा करना चाहती हैं। कुछ नहीं होने वाला। बांग्ला भाषा जैसी है वैसी ही रहेगी। ममता बनर्जी का इस पर एकाधिकार नहीं है। हम कड़ी टक्कर देंगे। दिग्गज अभिनेता ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने और बंगाली भाषा व लोगों के इर्द-




गिर्द पहचान के विमर्श पर एकाधिकार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह हर चीज में विवाद पैदा करना चाहती हैं। कुछ नहीं होने वाला। बांग्ला भाषा जैसी है वैसी ही रहेगी। ममता बनर्जी का इस पर कोई एकाधिकार नहीं है। हम इसका डटकर मुकाबला करेंगे। यह टिप्पणी बनर्जी द्वारा एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद आई है कि गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में बंगाली प्रवासी कामगारों को परेशान किया जा रहा है और उन्होंने भाजपा के भाषाई आतंकवाद के खिलाफ चेतावनी दी थी। उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकताओं से पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्य बिहार में मतदाता सूची से अल्पसंख्यक और प्रवासी मतदाताओं के नाम कथित तौर पर हटाए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू करने का आग्रह किया था, जिसमें चुनाव आयोग कार्यालयों का 'घेराव' करने का आह्वान भी शामिल था। बनर्जी के घेराव के आह्वान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चक्रवर्ती ने कहा, "चुनाव आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए। फर्जी और जाली मतदाताओं को हटाना होगा, तभी चुनाव निष्पक्ष होंगे। अगर आयोग का घेराव भी कर दिया जाए, तो क्या हासिल होगा? ऐसे विरोध प्रदर्शनों का क्या मतलब है?"

# 50 मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ आरएसएस चीफ की अहम बैठक, इन बड़े मुद्दों पर चल रही है चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी):** मुस्लिम बुद्धिजीवियों के साथ सरसंघचालक मोहन भागवत की बैठक चल रही है। यह बैठक हरियाणा भवन में है, जिसका आयोजन अखिल भारतीय इमाम संगठन द्वारा किया गया है। इस बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार, भाजपा के संगठन मंत्री बी एल संतोष समेत अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए हैं। इस बैठक में 50 मुस्लिम धर्मगुरु, बुद्धिजीवी शामिल हैं। बैठक का मुख्य एजेंडा इमामों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देना है। भारतीय मुसलमानों के धार्मिक और सामाजिक मुद्दों पर मार्गदर्शन प्रदान करना है। अंतरधार्मिक संवाद और शांति स्थापना में योगदान देना और सांस्कृतिक व सामाजिक विकास के लिए काम करना है। इसके पूर्व भी भागवत इस तरह की बैठकों में शामिल हो चुके हैं। अखिल भारतीय



इमाम संगठन (एआईआईओ) भारत में इमामों का एक बड़ा संगठन है। यह संगठन भारत में लगभग पांच लाख इमामों का प्रतिनिधित्व करता है और दो करोड़ मुसलमानों के धार्मिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के लिए काम करता है। इस संगठन के केंद्रीय इमाम डॉ. उमर अहमद इलियासी हैं, जो सर्वधर्म शांति और सद्भाव के लिए सक्रिय हैं। ऑल इंडिया इमाम आर्गनाइजेशन के मुख्य इमाम डॉ. उमर अहमद इलियासी अपने बेबाक बयानों के लिए भी जाने जाते हैं। इसके पूर्व भी भागवत उमेर अहमद इलियासी के आमंत्रण पर जनपथ मार्ग स्थित मस्जिद गए थे।

# कट्टरपंथी ताकतों को, ब्रिटेन से पीएम मोदी ने दिया दुनिया को संदेश; फ्री ट्रेड डील को बताया ऐतिहासिक

**नई दिल्ली (एजेंसी):** भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुका है। पीएम मोदी ने अपने ब्रिटेन दौरे के दौरान पीएम कीर स्टार्मर से मुलाकात की और भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों के लिए इस समझौते को विशेष रूप से लाभकारी बताया। पीएम ने कहा कि 'आज हमारे संबंधों में एक एतिहासिक दिन है। मुझे प्रसन्नता है कि कई वर्षों की मेहनत के बाद, आज दोनों देशों के बीच कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट संपन्न हुआ है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने समकक्ष के साथ समझौते पर दस्तखत किए। 'यूके के मार्केट में नए अवसर बनेंगे'पीएम मोदी ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लाभकारी बताते हुए कहा, 'एक ओर भारतीय टेक्सटाइल्स, फुटवियर, जेम्स एण्ड ज्वेलरी, सी फूड और इंजीनियरिंग गुड्स को यूके में बेहतर मार्केट एक्सेस मिलेगा। भारत के ऐग्रिकल्चर उत्पाद और प्रोसेस्ड फूड इंडस्ट्री के लिए यूके के मार्केट में नए अवसर बनेंगे' पीएम ने कहा, 'भारत के युवाओं, किसानों,



मछुआरों और एमएसएमई सेक्टर के लिए यह समझौता विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं दूसरी ओर भारत के लोगों और इंडस्ट्री के लिए यूके में बने प्रोडक्ट्स जैसे मेडिकल डिवाइसेज और एयरोस्पेस पार्ट्स सुलभ और किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे।' पहलगाम आतंकी हमले का किया जिक्र पीएम मोदी ने कहा कि 'अगले दशक में हमारी कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप को नयी गति और ऊर्जा देने के लिए आज हम विजन 2035 पर भी बात करेंगे। यह टेक्नोलॉजी, डिफेंस, क्लाइमेट, एजुकेशन और पीपल-टू-पीपल कनेक्ट के क्षेत्रों में एक मजबूत, भरोसेमंद और महत्वाकांक्षी साझेदारी का रोडमैप होगा।' उन्होंने आगे कहा, 'इंडो-पैसिफिक में शांति और स्थिरता, यूक्रेन में चल रहे संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति पर हम विचार साझा करते रहे हैं। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अनिवार्य है। आज के युग की मांग, विस्तारवाद नहीं, विकासवाद है।' पीएम ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कठोर निंदा के लिए हम प्रधानमंत्री स्टार्मर और उनकी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। हम एकमत हैं कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों का कोई स्थान नहीं है। हम इस बात पर भी सहमत हैं, कि कट्टरपंथी विचारधारा वाली शक्तियों को अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग नहीं करने दिया जा सकता।'

# चुनाव आयोग को व्यावहारिक ज्ञान नहीं, जदयू सांसद ने एसआईआर पर उठाए सवाल; एनडीए में मच सकती है खलबली

**नई दिल्ली (एजेंसी):** जदयू सांसद गिरिधारी यादव ने बुधवार को बिहार में सतारूढ़ राजग से अलग राय जताते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर सवाल उठाया और कहा कि इससे पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों के नतीजों पर सवाल उठेंगे। जदयू सांसद गिरिधारी यादव ने कही ये बात यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग को एसआइआर प्रक्रिया को कम से कम छह महीने के लिए स्थगित कर देना चाहिए ताकि पात्र मतदाताओं को आवश्यक प्रमाण दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके और उन लोगों का नाम हटाया जा सके जिनके पास मतदान का अधिकार नहीं है। चुनाव आयोग ने अज्ञानता दिखाई- सांसद चुनाव आयोग द्वारा इस समय एसआइआर प्रक्रिया करने पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने राज्य और उसके लोगों के प्रति अज्ञानता ही प्रदर्शित की है यानी उसे व्यावहारिक ज्ञान नहीं है। जब उनसे उनके पार्टी के एसआइआर के समर्थन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह लोकसभा के सांसद के रूप में एक स्वतंत्र दृष्टिकोण व्यक्त कर रहे हैं। जदयू भाजपा का सहयोगी दल है बता दें कि जदयू भाजपा का सहयोगी दल है और एसआइआर का समर्थन कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि चल रही प्रक्रिया ने लोगों को बुरी तरह



परेशान करके रख दिया है खासकर गरीबों को। वे अब धान की खेती में व्यस्त हैं। अब उन्हें सभी प्रकार के दस्तावेज अधिकारियों को प्रस्तुत करने को कहा जा रहा है। चुनाव आयोग को एसआइआर के लिए कम से कम छह महीने का समय देना चाहिए और इसे गर्मियों में कराना चाहिए। यादव ने कहा कि यदि लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची सही थी, तो विधानसभा चुनाव के लिए कुछ महीनों में यह कैसे गलत हो सकती है। साथ ही सवाल किया- "क्या मैं गलत मतदाता सूची के आधार पर चुना गया हूं? इससे पूरे

**सांसद गिरधारी यादव बोले- इससे तो पिछले साल हुए लोकसभा चुनावों के नतीजों पर सवाल उठेंगे जदयू भाजपा का सहयोगी दल है और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कर रहा है**

चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठेंगे।" जल्दबाजी की प्रक्रिया से हो सकता है नुकसान बांका से सांसद ने कहा कि बिहार के बाहर रहने वाले लाखों प्रवासियों को इस जल्दबाजी की प्रक्रिया के कारण उनके मतदान के अधिकार से वंचित किया जा सकता है। अपने उदाहरण का हवाला देते हुए उन्होंने कहा- " मुझे दस्तावेज इकट्ठा करने में 10-11 दिन लगे। मेरा बेटा अमेरिका में रहता है और उसे अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ा है। मुझे नहीं पता कि क्या मेरा बेटा अब बिहार में मतदाता होगा।" कांग्रेस ने कहा- यह चुनावी धोखाधड़ी का प्रतिबिंब कांग्रेस ने बिहार में एसआइआर प्रक्रिया पर जनता दल के सांसद गिरिधारी यादव की आलोचनात्मक टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधा। कहा- जदयू सांसद की टिप्पणी चुनावी धोखाधड़ी का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के सहयोग दल के सांसद की टिप्पणी से साफ है कि इस अभियान में खामियां हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि मतदाताओं की आशंका जायज कांग्रेस महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मतदाताओं की आशंका जायज है कि यह चुनावी नतीजों में हेरफेर करने के लिए सोची-समझी 'वोटबंदी' की कवायद है। उन्होंने कहा कि यदि स्वतंत्र और पारदर्शी जांच कराई जाए तो पता पता चल जाएगा कि हकीकत में हो क्या रहा है। चुनाव आयोग की निगरानी में बड़े पैमाने पर वोटों की चोरी हो रही है।

## संपादकीय

# एसआईआर और नागरिकता

बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही निर्वाचन आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) करवा रहा है। उसका कहना है कि कानून व संविधान के तहत उसे यह अधिकार प्राप्त है कि नागरिकता से जुड़े दस्तावेज मांग सकता है ताकि नागरिकों को उचित मताधिकार मिल सके। विपक्ष का आरोप है, आयोग इसकी आड़ में नागरिकता की जांच कर रहा है। वे इस पर कानूनी व वैधानिक सवाल भी उठा रहे हैं। आयोग ने शीर्ष अदालत को दिए 88 पन्नों के हलफनामे में इस प्रक्रिया के तहत किसी की नागरिकता इस आधार पर न समाप्त करने की बात है कि उसका नाम मतदाता सूची के बाहर हो गया। पहचान के सीमित उद्देश्य के लिए आधार, मतदाता-पत्र व राशन-कार्ड पर विचार करने की बात भी की है। आयोग के आदेशानुसार आठ करोड़ मूल बिहारियों को मतदाता सूची में शामिल रहने के लिए 25 जुलाई तक गणना फॉर्म भर कर जमा करना है जिसकी सूची पहली अगस्त को जारी की जा सकती है।




संविधान के अनुच्छेद 325 के अनुसार किसी भी शख्स को केवल धर्म, नस्ल, जाति या लिंग के आधार पर मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जा सकता। कानूनन देश का प्रत्येक नागरिक, जो 18 साल या उससे अधिक है, मतदाता के तौर पर पंजीकरण करा सकता है। इसमें सिर्फ गैर-नागरिक को नाम दर्ज कराने के अयोग्य ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले में स्पष्ट कर चुका है कि मताधिकार केवल संवैधानिक अधिकार है, मौलिक अधिकार नहीं। मगर भारतीय नागरिक होने के बावजूद उसे शत्र्रे पूरी करनी होती है, और आवश्यक दस्तावेज देने होते हैं। आयोग की मंशा पर उंगली उठाने वालों का आरोप है कि गणना फार्म में मांगे गए दस्तावेज में आधार, मतदाता-पत्र व राशन-कार्ड का न शामिल होना संदेह उपजाता है। चूंकि सरकार आधार को केवल पहचान-पत्र मान रही है, इसलिए यह संशय उठा है। यदि जल्द ही आयोग इसमें सुधार कर ले तो शायद इन आरोपों-प्रत्यारोपों से बचा जा सकता है। आयोग को अपनी छवि और स्वायत्तता का विशेष ख्याल रखना होगा। भारत लोकतांत्रिक देश ही नहीं है, दुनिया के समक्ष मताधिकार की ताकत की मिसाल भी पेश करता है। खास मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित करने की किसी राजनीतिक दल की साजिश का हिस्सा बनने से उसे न सिर्फ बचना होगा, बल्कि अपने पूर्ववर्तियों के नक्शे-कदम पर चल कर सख्त रवैया अपनाते हुए लोकतंत्र का रक्षा कवच बनने से भी हिचकिचाना नहीं चाहिए।

## चिंतन-मनन

# उपयोगी हल


एक बार की बात है एक राजा था। उसका एक बड़ा-सा राज्य था।एक दिन उसे देश घूमने का विचार आया और उसने देश भ्रमण की योजना बनाई और घूमने निकल पड़ा। जब वह यात्रा से लौट कर अपने महल आया। उसने अपने मंत्रियों से पैरों में दर्द होने की शिकायत की। राजा का कहना था कि मार्ग में जो कंकड़ पत्थर थे वे मेरे पैरों में चुभ गए और इसके लिए कुछ इंतजाम करना चाहिए। कुछ देर विचार करने के बाद उसने अपने सैनिकों व मंत्रियों को आदेश दिया कि देश की संपूर्ण सड़कें चमड़े से ढंक दी जाएं। राजा का ऐसा आदेश सुनकर सब सकते में आ गए। लेकिन किसी ने भी मना करने की हिम्मत नहीं दिखाई। यह तो निश्चित ही था कि इस काम के लिए बहुत सारे रुपए की जरूरत थी। लेकिन फिर भी किसी ने कुछ नहीं कहा। कुछ देर बाद राजा के एक बुद्धिमान मंत्री ने एक युक्ति निकाली। उसने राजा के पास जाकर डरते हुए कहा कि मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूँ। अगर आप इतने रुपयों को अनावश्यक रूप से बर्बाद न करना चाहें तो एक अच्छी तरकीब मेरे पास है। जिससे आपका काम भी हो जाएगा और अनावश्यक रुपयों की बबार्दी भी बच जाएगी। राजा आश्चर्यचकित था क्योंकि पहली बार किसी ने उसकी आज्ञा न मानने की बात कही थी। उसने कहा बताओ क्या सुझाव है। मंत्री ने कहा कि पूरे देश की सड़कों को चमड़े से ढंकने के बजाय आप चमड़े के एक टुकड़े का उपयोग कर अपने पैरों को ही क्यों नहीं ढंक लेते। राजा ने अचरज की दृष्टि से मंत्री को देखा और उसके सुझाव को मानते हुए अपने लिए जूता बनवाने का आदेश दे दिया। यह कहानी हमें एक महत्वपूर्ण पाठ सिखाती है कि हमेशा ऐसे हल के बारे में सोचना चाहिए जो ज्यादा उपयोगी हो। जल्दबाजी में अप्रायोगिक हल सोचना बुद्धिमानी नहीं है। दूसरों के साथ बातचीत से भी अच्छे हल निकाले जा सकते हैं।

## आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# करोड़ों का सवाल : कौन बनेगा उप-राष्ट्रपति.... नीतीश या कोई ओर...?



ओमप्रकाश मेहता



श्री जगदीप धनखड़ ने उप-राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा क्यों व किसके निर्देश पर दिया? यह सवाल तो अब पुराना हो गया है, बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में अब अहम्‌ सवाल यह है कि अगला उप- राष्ट्रपति कौन? क्या बिहार के विधानसभा चुनावों की राजनीतिक प्रतिष्ठा के दौर में वहां के मौजूदा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को यह पद सौंपा जा सकता है? इस प्रयोग से केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा को दोहरी राजनीतिक उपलब्धि हो सकती है, एक ओर जहां बिहार के सशक्त नेता का भाजपा प्रवेश दूसरा बिहार में भाजपा की बढ़ती संभावनाएं, वैसे भी पिछले कुछ समय से मोरी और नीतीश के बीच राजनीतिक सौहार्द में अभिवृद्धि जगजाहिर हो रही है, इसलिए दिल्ली से पटना तक चल रहे मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम को पूर्णतः प्रायोजित समझना कतई गलत नही होगा और जहां तक जगदीप धनखड़ का सवाल उन्हें तो चंद घण्टों में ही सड़क पर अकेले खड़ा कर दिया गया है, यह मोदी की राजनीतिक कूटनीति का ताजा ज्वलंत उदाहरण है।

वैसे भी इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम को सूक्ष्म नजरों से देखा जाए तो यह परिलक्षित होता है कि भाजपा एक कमजोर पार्टी नही कहलाना चाहती थी, पिछले एक साल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी केन्द्र में स्थिरता का आभास कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है और उनके इस प्रयास में जो भी बाधा बनता है, उसे वे अलग-थलग कर देते है, दो न्यायाधीशों के महाभियोग के प्रकरण में चूंकि धनखड़ भी दिलचस्पी दिखा रहे थे, जो मोदी को बिल्कुल पसंद नही था, इसलिए यह घटनाक्रम घटित हुआ साथ ही धनखड़ ने राज्यसभा में विधायी कार्यों को नियंत्रित करने का प्रयास भी किया था, जो मोदी जी को पसंद नही था और इस कारण से यह पूरा राजनीतिक घटनाक्रम घटित हुआ और धनखड़ को उसका खामियाजा भुगतना पड़ा, नेतृत्व की नाराजी रातों-रात किसी राजनेता का क्या हश्र कर देती है, यह इसका सबसे बड़ा और ताजा उदाहरण है।

हाँ, तो आज का मुख्य बिन्दू कौन बनेगा उप-राष्ट्रपति था, संविधान के नियमानुसार उप- राष्ट्रपति पति के इस्तीफें के बाद साठ दिवस की अवधि में नए उप-राष्ट्रपति का चुनाव होना चाहिए, इसलिए सितम्बर अंत तक नया उप- राष्ट्रपति चुनना मौजूदा नरेन्द्र मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता होगी, जिसके लिए प्रयास शुरू हो गए है और अब इस पद के लिए नीतीश कुमार जी का नाम ही सुर्खियों में है, जिनको मूर्तरूप देने के बाद बिहार में भाजपा का दमखम बढ़ सकता है और तीन-चार चुनाव में भाजपा की संभावनाएं बलवती हो सकती है।

....और मोदी के इस प्रयोग से भाजपा और उनकी केन्द्र सरकार दोनों को ही राजनीतिक लाभ हासिल हो सकता है। इस राजनीतिक घटना के तारतम्य में यदि यह कहा जाए कि मोदी जी ने तीन साल बाद होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अपनी जड़े अभी से मजबूत करना शुरू कर दिया है तो कतई गलत नही होगा, क्योंकि मोदी के राजनीतिक भविष्य को लेकर अभी से विभिन्न क्षेत्रों में कयासों का दौर शुरू हो गया है, कहा तो यहां तक भी गया कि यदि 75 का बंधन सामने आया तो स्वयं मोदी जी प्रधानमंत्री पद अपने विश्वस्त सहयोगी को सौंप कर स्वयं उप- राष्ट्रपति बन सकते है, लेकिन मौजूदा राजनीतिक दौर में यह कयास राजनीतिक पंड़ितों के गले नही उतर रहा है।

....लेकिन यही सही भी है कि मौजूदा राजनीतिक माहौल और उसमें घट रहे राजनीतिक घटनाक्रम मोदी जी के राजनीतिक भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकते है, इसलिए उन्हें काफी सूक्ष्म दृष्टि से देखा परखा जा रहा है। अब यह तो भविष्य ही बताऐगा कि मोदी जी का 2029 के बाद राजनीति भविष्य क्यों व कैसा होगा?

# एंटी एजिंग दवा : फैला है सेवाओं का भ्रमजाल



अमित बैजनाथ गर्ग

हाल में मॉडल-अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की कार्डियक अरेस्ट के चलते 42 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई। उनके कार्डियक अरेस्ट आने की वजह एंटी-एजिंग दवाओं का सेवन भी बताई जा रही है।

शेफाली सात-आठ सालों से ये दवाएं ले रही थीं। जिस दिन उनकी मौत हुई उस दिन उनका व्रत था। वह खाली पेट भी इन दवाओं को ले रही थीं। असल में पिछले कुछ सालों में लोगों में उम्र को छिपाने और जवान दिखने का चलन तेजी से बढ़ा है। इसके लिए वे जम कर पैसा बहा रहे हैं।




अगर एंटी-एजिंग दवाओं-सेवाओं के कारोबार की बात की जाए तो यह देश में तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कॉस्मेटिक यानी सर्जरी एवं फिलर्स ट्रीटमेंट और दवाइयां, दोनों शामिल हैं। यह बाजार त्वचा की देखभाल, झुर्रियां हटाने और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने वाली दवाओं और उत्पादों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। एक अनुमान के मुताबिक, 2023 में देश में एंटी-एजिंग दवाओं-सेवाओं का कारोबार करीब 3,500 करोड़ रु पये का था। 2024 में इसका आकार 4,000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया। 2035 तक इसके 8,000 करोड़ रुपये से ज्यादा होने की उम्मीद है। यह कारोबार 7-8 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है।

कुछ कंपनियों का दावा है कि यह कारोबार दस साल बाद दस हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा का होगा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एंटी-एजिंग दवाओं-सेवाओं का कारोबार कितनी तेजी से पैर पसार रहा है। एक्सपर्ट बताते हैं कि लोगों में जवां दिखने की चाहत तेजी से बढ़ रही है। इनमें 30-50 साल तक की उम्र वाले लोगों की संख्या सबसे अधिक है। देश में एंटी-एजिंग उपचार के लिए कई तरह की दवाएं, इंजेक्शन तथा सर्जरी बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं। इस बिजनेस में दखल रखने वाली कई कंपनियों ने अलग-अलग शहरों में अपने क्लिनिक खोल लिए हैं। मार्केट एक्सपर्ट बताते हैं कि एंटी-एजिंग दवाओं-सेवाओं के मौजूदा कारोबार में अंग्रेजी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाइयां, स्किन संबंधी कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट्स, बोटोक्स सर्जरी तथा फिलर्स ट्रीटमेंट के बिजनेस शामिल हैं।

एंटी-एजिंग उपचार वह प्रक्रिया है, जिसमें आपको बढ़ती उम्र में भी जवान दिखाया जाता है। यह त्वचा पर झुर्रियां बढ़ने से रोकने का उपचार है। इसके तहत कॉस्मेटिक, दवाइयां, सर्जरी, इंजेक्शन और कोलेजन सप्लीमेंट्स आते हैं। एंटी-एजिंग उपचार अंग्रेजी के साथ आयुर्वेदिक तरीके से भी करने का दावा किया जाता है। अंग्रेजी कंपनियों के साथ कुछ आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक कंपनियों ने भी दवाएं, ब्यूटी प्रॉडक्ट्स और कोलेजन सप्लीमेंट्स बनाने शुरू कर दिए हैं।

कहने का अभिप्राय यह है कि आयुर्वेदिक-होम्योपैथिक कंपनियों की भी अंग्रेजी दवा कंपनियों की तरह इस बाजार पर पूरी नजर है। हालिया कई सर्वे और रिपोर्ट्स बताती हैं कि दुनिया की तरह भारत में भी एक बड़ी आबादी सोशल मीडिया पर विज्ञापन देख कर प्रॉडक्ट्स का जम कर उपयोग कर रही है। कई सेलेब्रिटी हैं, जो टीवी और सोशल मीडिया पर इस तरह की दवाओं का प्रचार कर रहे हैं।

डॉक्टरों का कहना है कि एंटी-एजिंग की कुछ दवाओं में हार्मोन, स्टेरॉयड या अन्य केमिकल्स होते हैं, जो शरीर के नेचुरल सिस्टम से छेड़छाड़ करते हैं। इससे हार्ट और लिवर को नुकसान पहुंच सकता है। हार्मोन बैलेंस भी बिगड़ सकता है। इन दवाओं का लगातार सेवन करना ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल या हार्ट से जुड़ी बीमारियों का कारण भी बन सकता है। कई लोगों की स्किन बहुत ज्यादा संवेदनशील होती है, कुछ को एलर्जी की समस्या भी होती है। डॉक्टरों का कहना है कि हर किसी को किसी भी नए प्रॉडक्ट का उपयोग करने से पहले एक बार डमेर्टोलॉजिस्ट से सलाह ले लेनी चाहिए। कोई भी दवा या सप्लीमेंट डॉक्टर की देखरेख में इस्तेमाल करने से ही उसके सुरक्षित बने रहने के चांस ज्यादा होते हैं।

डॉक्टरों का कहना है कि बिना दवा के भी बढ़ती उम्र में जवान दिखा जा सकता है। इसके लिए फल एवं हरी सब्जियों का सेवन करें। वे एवाकाडो, ब्ल्यूबेरी, हल्दी, नट्स और सीड्स तथा हरी पत्तेदार सब्जियां खाने की सलाह देते हैं। ये फल-सब्जियां कोलेजन प्रोडक्शन को बढ़ावा देते हैं, जिससे त्वचा टाइट और ग्लोइंग बनी रहती है।

वहीं, पालक-मेथी जैसी हरी सब्जियों में विटामिन-के, आयरन और फोलेट होता है, जो ब्लड सकरुलेशन को बेहतर बनाता है। इन सभी को नियमित रूप से डाइट में शामिल करें। इसके साथ हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें। रोजाना 30 मिनट व्यायाम करें, पूरी नींद लें, भरपूर मात्रा में पानी पिएं और जंक फूड कम से कम खाएं। सबसे जरूरी बात यह है कि दौड़ती-भागती जिंदगी में तनाव का प्रबंधन करें।

# दुनिया की लाखों जिन्दगियां में जहर घोलता अकेलापन

'हर छठा व्यक्ति अकेला है'-यह निष्कर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ताजा रिपोर्ट का है, जिसने पूरी दुनिया को चिन्ता में डाला है एवं सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर हम कैसी समाज-संरचना कर रहे हैं, जो इंसान को अकेला बना रही है। निश्चित ही बढ़ता अकेलापन कोई साधारण सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है, जो व्यक्तियों, समाजों, और व्यावसायिक संस्थानों को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। दुनिया के करोड़ों लोग टूटे रिश्तों व संवादहीनता की स्थितियों में नितांत खामोशी का जीवन जी रहे हैं। गौर करे तो इंसान के भीतर की ये खामोशी लाखों जिंदगियां में महामारी के रूप में जहर घोल रही है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे ज्यादा शिकार युवा हो रहे हैं। वृद्ध तो पहले से ही सामाजिक एवं पारिवारिक विसंगतियों में उपेक्षित है। निश्चय ही जीवन की विसंगतियां एवं विषमताएं बढ़ी हैं। कई तरह की चुनौतियां सामने हैं। पीढ़ियों के बीच का अंतराल विज्ञान व तकनीक के विस्तार के साथ तेज हुआ है।



डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की लगभग 16 प्रतिशत आबादी आज किसी न किसी रूप में अकेलेपन, सामाजिक अलगाव या भावनात्मक दूरी का शिकार है। यह स्थिति केवल वृद्धजनों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं, कामकाजी पेशेवरों, और यहां तक कि बच्चों तक फैल चुकी है। डिजिटल युग में जहां सब कुछ 'कनेक्टेड' लगता है, वहीं इंसानी रिश्तों में एक अदृश्य दूरी, कृत्रिमता और आत्मीयता का अभाव देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में हम जितने अधिक जुड़े हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से अकेले हो गए हैं। व्यक्तिवादी सोच, सामाजिक दुष्प्रभाव एवं रिश्तों की बिखरती दीवारों में अकेलेपन का घातक प्रभाव सामाजिक ढांचे पर गहरे रूप में पड़ रहा है। पारिवारिक संबंधों में दरारें, विवाहों में असंतोष, और तलाक की बढ़ती दरें इसकी साफ निशानी हैं। युवा पीढ़ी में अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति और नशे की ओर झुकाव एक चिंताजनक ट्रेंड बन गया है। बुजुर्गों में अकेलेपन से उत्पन्न अल्जाइमर, डिमेंशिया और अन्य मानसिक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं।

अकेलापन केवल किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत कमजोरी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक विफलता का संकेत है। जब हम तकनीक, दौड़ और स्वार्थ में इतने उलझ जाते हैं कि किसी के पास 'सुनने का समय' नहीं रहता, तब अकेलापन जन्म लेता है। अब समय आ गया है कि हम फिर से रिश्तों, संवाद और करुणा की दुनिया की ओर लौटें। अन्यथा अकेलापन, उदासी और असंतुष्टि की भावनाएं कचोटती रहेगी। मानो खुद के होने का एहसास, कोई इच्छा ही ना बची हो। तब छोटी-छोटी चीजों में छिपी खूबसूरती नजर ही नहीं आती। ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत से लोग जिंदा हैं, पर जीवित होने के जादुई एहसास को कम ही छू पाते हैं। सोच के भौतिकवादी एवं सुविधावादी होने से हमारी आकांक्षाओं का आसमान ऊंचा हुआ है। लेकिन यथार्थ से साम्य न बैठा पाने से कुंठा, हताशा व अवसाद का विस्तार हो रहा है। जिसके चलते निराशा हमें एकाकीपन या अकेले होने की ओर धकेल देती है। निश्चित ही सोशल मीडिया का क्रांतिकारी ढंग से विस्तार हो रहा है। लेकिन इसकी हकीकत आभासी है, कृत्रिम है, दिखावटी है। हर कोई सोशल मीडिया मंचों पर हजारों मित्र होने का दावा करता है, लेकिन ये मित्र कितने संवेदनशील है? कितने करीब है? इन प्रश्नों का उत्तर नकारात्मक ही है, यथार्थ के जीवन में व्यक्ति बिल्कुल अकेला एवं गुमशुम होता है। आभासी मित्रों का कृत्रिम संवाद हमारी जिंदगी के सवालों का समाधान नहीं दे सकता, अकेलापन दूर नहीं कर सकता। निश्चित रूप से कृत्रिम रिश्ते हमारे वास्तविक रिश्तों के ताने-बाने को मजबूत नहीं कर सकते।

विडंबना यह है कि कृत्रिमताओं के चलते कहीं न कहीं हमारे शब्दों की प्रभावशीलता में भी कमी आई है। जिससे व्यक्ति लगातार एकाकी जीवन की ओर उन्मुख होना लगा है। हमारे संयुक्त परिवारों का बदलता स्वरूप एवं एकल परिवारों का बढ़ता प्रचलन भी इसके मूल में है। पहले घर के बड़े बुजुर्ग किसी झटके या दबाव को सहजता से झेल जाते थे। सब मिल-जुलकर आर्थिक व सामाजिक संकटों का मुकाबला कर लेते थे। लेकिन अब बुजुर्ग एकाकीपन एवं अकेलापन से जूझ रहे है। केरल में इसी तरह के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित, अकेला एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को अकेलेपन को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल में अकेलापन एक त्रासदी न बन सके।

कामकाजी परिस्थितियों का लगातार जटिल होना एवं महंगी होती जीवनशैली ने अकेलापन के संकट को गहरा बनाया है। उन परिवारों में यह स्थिति और जटिल है, जहां पति-पत्नी दोनों कामकाजी हैं और बच्चे हॉस्टलों व बोर्डिंग स्कूल में रह रहे हैं। व्यावसायिक क्षेत्रों में भी काम का बोझ इंसानों को अकेला बना रहा है। कार्यालयों और कार्यस्थलों पर भी अकेलापन एक गंभीर चुनौती बन रहा है। कर्मचारी भावनात्मक जुड़ाव की कमी के कारण कार्य में रुचि नहीं लेते। टीम वर्क, इनोवेशन और सहयोग पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। अकेलापन लंबे समय तक बना रहा तो यह बर्नआउट, कार्य से असंतोष और कर्मचारी त्यागपत्र जैसी स्थितियों को जन्म देता है। इससे उत्पादकता में भी गिरावट आती है। मेकिन्से और डेलॉइट जैसी वैश्विक कंसल्टिंग फर्म्स की रिपोर्टें दर्शाती हैं कि अकेलापन कर्मचारियों की उत्पादकता को 15-20 प्रतिशत तक घटा सकता है, जिससे कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। अकेलेपन के इस संकट से निपटने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। परिवार, मित्रों और सहयोगियों के साथ समय बिताना ही असली 'समृद्धि' है। कंपनियों और संस्थानों में कर्मचारियों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति को समझने वाला नेतृत्व चाहिए। डिजिटल संवाद की जगह आमने-सामने संवाद, 'वर्क फ्रॉम होम' की जगह 'वर्क विद कम्युनिटी' को प्राथमिकता देनी होगी। ऑफिसों और समाज में काउंसलिंग, समूह चर्चा, मेडिटेशन, और योग को प्रोत्साहन दिया जाए। सरकारों को अकेलेपन को एक जनस्वास्थ्य समस्या के रूप में मान्यता देनी चाहिए और सामाजिक समावेश के लिए ठोस कार्यक्रम चलाने चाहिए। डब्ल्यूएचओ का वह आंकड़ा भी चौंकाता है कि अकेलापन हर साल तकरीबन आठ लाख लोगों की जीवन लीला समाप्त कर रहा है। जो यह दशार्ता है कि व्यक्ति न केवल समाज व अपने कार्यालयी परिवेश से अलग-थलग हुआ है, बल्कि वह परिवार से भी कटा है। पिछले दिनों देश के शीर्ष उद्योगपतियों ने कार्यालयों में काम के घंटे बढ़ाने का आग्रह किया था। एक उद्यमी ने तो यहां तक कहा कि क्या जरूरी है कि घर में रहकर पत्नी का ही चेहरा देखा जाए। यह एक संवेदनहीन एवं बेहूदा प्रतिक्रिया थी। दरअसल, लोगों में यह आम धारणा बलवती हुई है कि जिसके पास पैसा है तो वह सबकुछ कर सकता है। जिसके चलते उसने आस-पड़ोस से लेकर कार्यस्थल पर सीमित पहुंच बनायी है। यही वजह है कि हमारे इर्द-गिर्द की भीड़ और ऑनलाइन जिंदगी के हजारों मित्रों के बावजूद व्यक्ति अकेलेपन को जीने के लिये अभिशप्त है। सही बात ये है कि लोग किसी के कष्ट और मन की पीड़ा के प्रति संवेदनशील व्यवहार नहीं करते। हर तरफ कृत्रिमताओं का बोलबाला है। हमारे मिलने-जुलने वाले त्योहार भी अब दिखावे व कृत्रिम सौगातों की भेंट चढ़ गए हैं। हमें उन कारकों पर मंथन करना होगा, जिनके चलते व्यक्ति निजी जीवन में लगातार अकेला या एकाकी होता जा रहा है। असल में अकेलापन तभी मिटेगा जब हम फिर से इंसान बनेंगे- संवेदनशील, सजीव, संवाद और रिश्तों की गर्माहटत से भरे हुए।

# जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र और कंपोजिट विद्यालय ढक्का का किया निरीक्षण





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने आंगनबाड़ी केंद्र ढक्का पहुंचकर संचालित संभव अभियान 5.0 का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने अपने सामने कुपोषित बच्चों का वजन कराने के साथ हाइट नपवाई। उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन करने के साथ गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की। माताओं से अपने स्वास्थ्य के साथ बच्चों की डाइट का भी विशेष ध्यान रखना को कहा। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर हर महीने मिलने वाले राशन वितरण की भी जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि हर महीने समय से राशन मिल जाता है। निधि गुप्ता वत्स ने कंपोजिट विद्यालय ढाका का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंजीकृत 41 बच्चों में से 29 उपस्थित पाए गए। इसके बाद उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षा की गुणवत्ता जांचने के लिए शिक्षक की भूमिका निभाते हुए बच्चों से गणित के सवाल हल कराए और हिंदी के शब्दों को पढ़वाकर देखा। उन्होंने छोटे बच्चों से कविताएं भी सुनी। बच्चों से पूछा कि क्या बनना चाहते हो, जिस पर किसी ने डॉक्टर और किसी ने इंजीनियर बनने की इच्छा जताई। सभी बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को निर्धारित दैनिक कार्य योजना के हिसाब से ही पढ़ाया जाए। विद्यालय की रसोई में पहुंचकर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की और मिड-डे मील की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। पेयजल की व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ शौचालय की स्थिति को भी देखा। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद किया और विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा संचालन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान, कुछ महिलाओं ने गांव में सड़क पर जलभराव की समस्या उठाई। जिलाधिकारी ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया और जलभराव के शीघ्र निदान के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश सिंह, खंड विकास अधिकारी पल्लव गर्ग, एबीएसए, सीडीपीओ और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मांसाहारी दूध व चोरों के आतंक के विरोध में भाकियू शंकर का जन जागरण, समाधान न होने पर कफूरपुर रेलवे ट्रैक पर धरने की चेतावनी

**नौगावा सादात/अमरोहा (सब का सपना) शौसिहं सैनी:-** थाना क्षेत्र के कुतुबपुर- हमीदपुर के पंचायत भवन में दोपहर 12:00 बजे से जनजागरण कार्यक्रम चलाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बृजेश सैनी ने की व इसका संचालन पूर्व प्रधान हुकम सिंह ने किया ।भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के इस जन जागरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी नेमपाल सिंह ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति, भारत के किसानों,पशुपालकों, हलवाइयों, डेयरी उद्योग को खत्म करने की मानसा से अमेरिका भारत सरकार पर मांसाहारी दूध वह मांसाहारी डेयरी उत्पाद देने के लिए दबाव बना रहा है यदि ऐसा हुआ तो देश का किसान बर्बाद हो जाएगा संगठन मोदी सरकार से मांग करता है कि किसी भी हालत में इस समझौते को स्वीकार नहीं किया जाए ,इसी के साथ जनपद में विगत 7 मई को आदमखोर तेंदुए ने 6 किसानों को पर आत्मघाती हमला कर घायल कर दिया था अभी तक किसानों को मुआवजा नहीं




मिला है किसानों पर लगे मुकदमे भी समाप्त नहीं हुए हैं। जिला संरक्षक चौधरी सिंह ने कहा कि चीनी मिल किसानों का अवशेष गन्ना मूल्य का लगभग 55 करोड रुपया दबाए बैठी हैं। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों के केसीसी नवीनीकरण करने में रिनुअल चार्ज वसूल रही है, नए केसीसी बनाने में भी 7 से 15 दिन ले रहे हैं, जिस कारण प्रदेश के किसानों का आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है, किसानों का शोषण संगठन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। लेकर इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष रविपाल सिंह ने कामेश सैनी को ग्राम अध्यक्ष भगवान दास जी को तहसील उपाध्यक्ष पुखराज सिंह को तहसील उपाध्यक्ष युवा नौगांव सादात धर्मवीर सिंह सैनी को जिला सचिव अमरोहा को मनोनीत कर शपथ दिलाई। इस दौरान इस जनजागरण कार्यक्रम में सिंह, राकेश रतनपुर जगत सिंह चौहान,राम सिंह, नेपाल निरंजन दयाराम राजू सोनू चौधरी,भगवानदास, बाबूराम सैनी, सतवीर सिंह, यशपाल सिंह, अर्जुन सिंह, ओम प्रकाश सिंह, हेतराम सिंह, कामेश सिंह, गौरव कुमार, हरीराज सिंह, सतपाल सिंह, करण सिंह, सोमपाल सिंह, इलियास, गजराम सिंह, नरेश सिंह, कल्याण सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत दादी पोती कार्यक्रम का आयोजन






**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के आदेशों के अनुपालन में तथा मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश सिंह के दिशा निर्देश पर ब्लॉक-हसनपुर के ग्राम-लुहारी खादर, में डॉ आभा दत्त, मुख्य पशु चिकित्सक , अमरोहा की अध्यक्षता में दादी पोती संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान दादी और पोती के बीच संवाद भी कराया गया जिसमें दादी केसर द्वारा कहा गया कि मेरी दो पोतियॉ एक पोता है। मेरे लिए पोता-पोती दोनो बराबर है। दादी रामप्यारी ने कहा कि हम भी कभी किसी की पोती थी । अगर हम नही होते तो हमारी पोती एवं पोते कैसे होते। मैं मेरी लिए पोती उतनी ही प्यारी है जितना कि पोता। डॉक्टर आभा दत्त, मुख्य पशु चिकित्सा धिकारी, अमरोहा द्वारा कहा गया कि समाज में महिलाओं के प्रति सोच में बदलाव आ रहा है। यह जरूरी है कि हम बेटियों को प्रोत्साहित करते रहें और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहें। महिलाओं एव बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलें। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज में महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच में बदलाव आए। हमें यह याद रखना चाहिए कि बेटियां भी बेटों के समान हैं और उन्हें भी समान अवसर मिलने चाहिए। बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। हर जगह बेटियां बेटों के बराबर या उनसे भी आगे बढ़ रही हैं। आजकल, बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। शिक्षा का क्षेत्र हो या राजनीति का क्षेत्र हो या खेल का क्षेत्र हों वह हर जगह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और उच्च पदों पर आसीन हो रही हैं। समाज में महिलाओं के प्रति सोच में बदलाव आ रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना एवं वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक व बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने एवं अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 1076 की जानकारी भी प्रदान की गई।
दहेज प्रथा को समाप्त करने, ,बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। वह सुविधा दे। इस अवसर पर, ममता दुबे सेन्टर मैनेजर, ओ0 एस0 सी0 करूणा निधि, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता, नरेन्द्र पाल श एवं ग्राम प्रधान, आदि उपस्थित रहें।

# थाना गजरौला पुलिस ने किए 17 नफर अभियुक्त गिरफ्तार






**अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में, एवं क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक गजरौला अखिलेश प्रधान के कुशल नेतृत्व में थाना गजरौला पुलिस द्वारा 17 नफर अभि0 1. मौ0 जाबिर पुत्र रमजानी निवासी मौ0 सुल्तान नगर थाना गजरौला जनपद अमरोहा उम्र करीब 44 वर्ष 2. जाकिर हुसैन पुत्र रमजानी निवासी उपरोक्त उम्र करीब 52 वर्ष 3. राहमीन पत्नी मौ0 तौफीक निवासी उपरोक्त उम्र करीब 38 वर्ष 4. अलीशान पुत्र एहसान अली निवास मौ0 सुल्तान नगर थाना गजरौला जनपद अमरोहा उम्र करीब 36 वर्ष 5. नजमा पत्नी मौ0 शानू निवासी उपरोक्त उम्र करीब 30 वर्ष 6. अमन पुत्र लोकेश उम्र 19 वर्ष ग्राम सलेमपुर गौसाई थाना गजरौला जिला अमरोहा 7. सुमित पुत्र धर्मेन्द्र उम्र 19 वर्ष सलेमपुर गौसाई थाना गजरौला जिला अमरोहा 8. सनी कुमार पुत्र धर्मेन्द्र उम्र 19 वर्ष सलेमपुर गौसाई थाना गजरौला जिला अमरोहा 9. सौरभ पुत्र लोकेश कुमार उम्र 20 वर्ष ग्राम सलेमपुर गौसाई थाना गजरौला जिला अमरोहा 10. राहुल पुत्र चन्द किरन उम्र 34 वर्ष नि0 मौ0 मायापुरी थाना गजरौला जनपद अमरोहा 11. प्रिस पुत्र शिवकुमार उम्र 19 वर्ष नि0 मौ0 अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना गजरौला जिला अमरोहा 12. विशाल पुत्र राजवीर उम्र 30 वर्ष नि0 मौ0 मायापुरी थाना गजरौला जिला अमरोहा 13. नजारूल पुत्र जरीफ उम्र 37 वर्ष नि0 मौ0 जलालनगर थाना गजरौला जिला अमरोहा 14. सुरेन्द्र सिंह पुत्र खजान नि0 तिगरी थाना गजरौला जिला अमरोहा उम्र 35 वर्ष 15. गौरव पुत्र जगतसिंह उम्र 27 वर्ष नि0 मौहम्दपुर सुल्तानठेर थाना गजरौला जिला अमरोहा 16. शाकिर पुत्र शफीका उम्र 26 वर्ष नि0 चामुण्डा रोड हसनपुर थाना हसनपुर जिला अमरोहा 17. नन्हे पुत्र कुवरसिंह नि0 शाहपुर थाना मझौला जिला मुरादाबाद उम्र 45 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा गया।

# हसनपुर पुलिस द्वारा संज्ञेय अपराध की परिकल्पना रखने वाले 08 अभियुक्त गिरफ्तार



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना हसनपुर दिनेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना हसनपुर पुलिस टीम द्वारा संज्ञेय अपराध की परिकल्पना रखने वाले व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु 08 नफर अभियुक्तगण 1.ओमकार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम गुलामपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा 2.मोहित पुत्र ओमकार निवासी ग्राम गुलामपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा 3.सुनील पुत्र ओमकार निवासी ग्राम गुलामपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा 4. भगवत पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम गुलामपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा 5. अनूप पुत्र भगवत निवासी ग्राम गुलामपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा 6.महीपाल पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम भैंसरोली थाना हसनपुर जनपद अमरोहा 7. अजयपाल पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम भैंसरोली थाना हसनपुर जनपद अमरोहा 8. शोभित पुत्र सुनील कुमार निवासी ग्राम रामपुर भूड थाना हसनपुर जिला अमरोहा को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर न्यायालय उपजिलामजिस्ट्रेट हसनपुर जनपद अमरोहा भेजा गया ।

# जिलाधिकारी ने की विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण एवं संदर्भों की समीक्षा



**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में शासन, मा० मुख्यमंत्री उ०प्र०, मा0 उपमुख्यमंत्री उ०प्र०, रेवेन्यू बोर्ड, विभिन्न आयोग, आयुक्त मण्डल मुरादाबाद एवं अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण एवं संदर्भों की समीक्षा हेतु बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जन शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्राप्त हर शिकायत का निस्तारण नियमानुसार और निष्पक्षता के साथ किया जाए, ताकि लोगों में शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग शिकायतों की स्थिति की नियमित मॉनीटरिंग करे और लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि फीडबैक की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में देरी और असंतोषजनक फीडबैक होने के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि रैंकिंग में सुधार लाने के लिए सभी विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लें और नियमित समीक्षा करें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार सहित समस्त उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


# सनातन धर्म के अनुसार, ब्रह्मा जी को सृष्टि का रचयिता माना जाता है:- राजेंद्र मुनि महाराज



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** क्षेत्र के ग्राम शेखुपुर झकड़ी में बाबा लालचंद महाराज द्वारा स्थापित स्वामी रामप्रसाद उदासीन समाधि ट्रस्ट के महंत एवं महाशिवपुराण कथा के व्यास स्वामी राजेंद्र मुनि महाराज ने बताया कि सृष्टि की उत्पत्ति कैसे हुई सनातन धर्म के अनुसार, ब्रह्मा जी को सृष्टि का रचयिता माना जाता है। उन्होंने जल का छिड़काव करके एक विशाल अंड का निर्माण किया, जिसमें सदाशिव ने अपनी चेतना प्रवाहित की। इसी चेतना से विभिन्न अंग उत्पन्न हुए और उन्होंने संपूर्ण पृथ्वी को आवर्त कर लिया. इसके उपरांत, ब्रह्मा जी ने सृष्टि की संरचना प्रारंभ की स्वामी जी ने मात-पिता की सेवा के बारे में कहा कि न केवल धार्मिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि माता-पिता के आशीर्वाद से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि भी मिलती ओर शिव महापुराण में माता-पिता को भगवान की सेवा के समान बताया गया है। भजन के माध्यम से संदेश दिया कि , काशी जाओ मथुरा जाओ,या जाओ हरिद्वार। मात पिता की सेवा के विन,सब तीरथ बेकार।। करो तुम उनकी सेवा , खुशी रहे सारे देवा। इस अवसर पर स्वामी प्रवेश मुनि महाराज जी, कमलेश मुनि ,राम मुनि, सुन्दर मुनि, ऋषिपाल भगत जी यश वशिष्ठ,राजकुमार , पुष्पेन्द्र, सर्वेश ठाकुर, सत्यवीर सिंह, लवकुश कुमार, महिपाल शर्मा, रघुवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, दीपक, रोताश, राकेश, धर्मेंद्र, रक्षपाल सिंह,राजू प्रधान, योगेन्द्र चौधरी, विजयेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति चारु शर्मा का दृष्टिकोण भी सराहनीय : चारु शर्मा

**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमारः-** अमरोहा जिला, उत्तर प्रदेश का एक ऐसा क्षेत्र है जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शैक्षिक प्रगति के लिए जाना जाता है। इस जिले में शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज एक प्रमुख शैक्षिक संस्थान के रूप में उभरा है। और इसकी सफलता का श्रेय कॉलेज की प्रधानाचार्या चारु शर्मा को जाता है। चारु शर्मा ने अपने नेतृत्व, समर्पण और नवाचारी दृष्टिकोण के माध्यम से न केवल कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता को उन्नत किया है, बल्कि छात्राओं और समुदाय के बीच शिक्षा के प्रति एक नया उत्साह भी जगाया है। चारु शर्मा ने शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज में अपने कार्यकाल के दौरान कई उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। उनकी प्राथमिकता हमेशा से छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करना रहा है। उन्होंने न केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा पर ध्यान दिया, बल्कि छात्राओं में नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी विकसित करने पर जोर दिया। उनके नेतृत्व में कॉलेज ने न



केवल शैक्षिक क्षेत्र में बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। चारु शर्मा ने विशेष रूप से बालिका शिक्षा पर जोर दिया है। उन्होंने कॉलेज में बालिकाओं के लिए विशेष कक्षाएं, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और करियर काउंसलिंग सत्र शुरू किए। यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली लड़कियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा है, जहां शिक्षा और जागरूकता की कमी अक्सर उनके सपनों को सीमित कर देती है। उनकी इन पहलों ने न केवल लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ाया है, बल्कि उनके परिवारों को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित किया है। सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति चारु शर्मा का दृष्टिकोण भी सराहनीय है। उन्होंने कॉलेज के माध्यम से कई सामुदायिक सेवा कार्यक्रम शुरू किए, जैसे स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और गरीब बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षण शिविर। इन गतिविधियों ने छात्रों में सामाजिक मूल्यों को विकसित करने में मदद की और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का अवसर प्रदान किया। चारु शर्मा की मेहनत और समर्पण का नतीजा है कि शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज आज अमरोहा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल बन चुका है। उनके प्रयासों ने न केवल कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को भी ऊंचा किया है। उनकी यह यात्रा अन्य शिक्षकों और शैक्षिक संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। चारु शर्मा का योगदान अमरोहा के शैक्षिक परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण रहा है। उनकी दूरदर्शिता और नवाचारी सोच ने न केवल शर्मा देवी इंटर कॉलेज को एक नई ऊंचाई दी है, बल्कि छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए एक आधार तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा माध्यम है जो समाज को बदल सकता है।

# उद्दमियो की समस्याओं का हो प्राथमिकता से निस्तारण- मुख्य विकास अधिकारी

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले के मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय मासिक उद्योग बन्धु समिति की बैठक का आयोजन किया गया । मुख्य विकास अधिकारी ने उद्योग बंधुओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि उद्योग बंधुओं की किसी भी समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी प्राथमिकता के साथ उनकी समस्याओं का निस्तारण हो। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी बिंदुओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराया जाए आज जो बिंदु उठाए गए हैं उनका निस्तारण हर हाल में अगली बैठक तक अवश्य हो जाए । उद्योग कर्मियों की समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता से लिया जाए। मैसर्स जी०आर० सॉलवेन्ट एण्ड अलाइड इण्डस्ट्रिज ली०, को नियमित विद्युत



सप्लाई से सम्बन्धित प्रकरण, मैसर्स तेवा ए०पी०आई०, गजरौला जनपद अमरोहा के वर्षा काल में बाहर जल निकासी न होने के कारण पानी भर जाने की समस्या सम्बन्धित प्रकरण, ढोलक हस्तकला संगठन जय ओम नगर अमरोहा के विद्युत सप्लाई एवं आरा मशीन लाइसेंस दिलाए जाने प्रकरण, श्रीमती पारुल जिंदल (मै0पारुल पेट्रोलियम प्राइमरी लिमिटेड) द्वारा एनएच-9 गजरौला स्थित एचपीसीएल फ्यूल स्टेशन के प्रकरण, मैसेज संगम मेडिसर्व प्राइवेट लिमिटेड औद्योगिक विद्युत कनेक्शन का प्रकरण, मैं सर सत्यम एग्रीकल्चर इंडस्ट्रीज की जल भराव हेतु समस्या आदि सहित अन्य समस्याओं को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम को प्रोत्साहित करने इस क्षेत्र में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने तथा नए रोजगार सृजित करने हेतु प्रख्यापित की गई है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 1 लाख नई सूक्ष्म




इकाइयां स्थापित करने तथा आगामी 10 वर्षों में प्रदेश में 10 लाख सूक्ष्म इकाइया स्थापित करने का उद्देश्य है। योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में वार्षिक लक्ष्य 1800 के सापेक्ष अद्यतन 2538 आवेदन सम्बन्धित बैंको प्रेषित किया गया था, जिसमें से 485 आवेदन बैंक द्वारा स्वीकृत किये गये थे, तथा 451 ऋण वितरित किये जा चुके है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में वार्षिक लक्ष्य 1800 के सापेक्ष कार्यलय से अद्यतन 2538 आवेदन सम्बन्धित बैंको प्रेषित किये जा चुके है, जिसमें से 485 आवेदन बैंक द्वारा स्वीकृत किये जा चुके है, तथा 451 ऋण वितरित किये जा चुके है। एक जनपद एक उत्पाद विपणन विकास सहायता (एम.डी.ए.) योजना के अंतर्गत ओडीओपी योजना के तहत घोषित उत्पादों की बिक्री के लिए हस्तशिल्पियों, बुनकरों और कारीगरों को बेहतर मार्केटिंग एवं उचित मूल्य दिलाने के मकसद से एक जनपद एक उत्पाद विपणन विकास सहायता योजना शुरू की गई थी। इसके तहत प्रदेश में लगने वाले मेला प्रदर्शनियों में भाग लेने पर स्टॉल चार्ज का 75 फीसद (अधिकतम 1 लाख, 50 हजार रुपये) माल ढुलाई पर आने वाले खर्च का 75 फीसद (अधिकतम 7500 रुपये) और एक व्यक्ति के आने-जाने के लिए ट्रेन के थर्ड एसी अथवा एरी बस का किराया देने का प्रावधान है. जिसमें कार्यलय में प्राप्त आवेदनों को जनपद स्तर पर गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत कर दावों की सूची आयुक्त एवे निदेशक उद्योग, उद्योग एवं प्रोत्साहन निदेशालय (ओ.डी.ओ.पी. प्रकोष्ठ) को उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। उक्त योजना के अन्तर्गत कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 02 आवेदन एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 02 प्राप्त हुये है। बैठक में उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि बंधु उपस्थित रहे।

# वैश्य एकता मंच ने नंदगोपाल गुप्ता नंदी का किया स्वागत



**चंदौसी/सम्भल। (हनी चन्द्रा) सब का सपनाः-** उत्तर प्रदेश सरकार में मौजूदा कैबिनेट मंत्री, वैश्य शिरोमणि नंद गोपाल नंदी का वैश्य एकता मंच चंदौसी की टीम ने चंदौसी में आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात मंत्री जी ने नगर के बदायूं रोड स्थित ओ एल एफ परिसर में प्रेस वार्ता करते हुए सरकार द्वारा कार्य कराए जा विकास कार्यों से अवगत कराया। इस मौके पर वैश्य एकता मंच के संरक्षक पवन कुमार गुप्ता, सागर गुप्ता (जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल), क्षितिज गुप्ता, अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन बालाजी, हेमंत वार्ष्णेय उपाध्यक्ष दीपेश सेठ, मयंक वार्ष्णेय, मोहित बंसल, गोपाल वार्ष्णेय, विवेक चौधरी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# नवचयनित 200 रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का किया जा रहा निरंतर मूल्यांकन





**अमरोहा (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा रिक्रूट आरक्षी ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी), डिडौली में चल रहे रिक्रुट ट्रेनिंग कोर्स (आरटीसी) के अंतर्गत प्रशिक्षित हो रहे नवचयनित 200 रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण, व्यवस्थाओं एवं समस्याओं को लेकर व्यापक रूप से निरंतर निगरानी एवं मूल्यांकन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रारंभ से ही आरटीसी की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं क्रियान्वयन का समय-समय पर निरीक्षण किया गया है। प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं मानक के अनुरूप सुनिश्चित किया गया हैं। प्रशिक्षण केंद्र में आवास, स्वच्छता, पेयजल, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, स्मार्ट कलासेज, मेडिकल सुविधा एवं परेड मैदान जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं को सुव्यवस्थित तरीके से तैयार किया गया है। प्रशिक्षु आरक्षियों द्वाराअनुशासन, जिम्मेदारी एवं स्वप्रेरणा से किए गए व्यवस्थात्मक सहयोग की प्रशंसा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी व्यक्तिगत एवं प्रशिक्षण संबंधी समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये ।

# जेल से छूटकर फरीदा बन गई महक, बनाया हनी ट्रैप गिरोह

**मुरादाबाद।** प्रेमी के लिए पिता को मौत के घाट उतारने वाली फरीदा जेल से छूटकर महक बन गई। उसने लोगों को ठगने के लिए हनी ट्रैप गिरोह बना लिया। इसके बाद उसने रानी और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सरकारी कर्मचारी, नेता और व्यापारियों को अपने जाल में फंसा कर उनसे रकम वसूलनी शुरू कर दी। यह गिरोह उम्रदराज और आर्थिक रूप से मजबूत लोगों को अपना शिकार बनाता था। पुलिस का दावा है कि 25 से 30 लोग इनके चंगुल में फंस चुके हैं।नागफनी के दीवान का बाजार निवासी महक उर्फ फरीदा ने 17 साल पहले कटघर क्षेत्र में अपने प्रेमी के साथ मिलकर पिता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। कटघर पुलिस ने इस मामले में



महक उर्फ फरीदा को जेल भेज दिया था लेकिन जमानत मिलने के बाद फरीदा जेल से बाहर आ गई। इसके बाद उसने अपने नाम के साथ ही ठिकाना भी बदल लिया। शहर की पॉश कॉलोनी दीनदयाल नगर में महक बनकर रहने लगी। इसी दौरान इनके संपर्क में सोनू शर्मा, अमन, राधेश्याम और राहुल शर्मा आ गए। सोनू और अमन ऐसे लोगों की तलाश में रहते थे जो पैसे वाले और उम्रदराज हो। इनके मोबाइल नंबर हासिल करके अमन और सोनू शर्मा महक और उसकी सहेली रानी को उपलब्ध करा देते थे। इस गिरोह ने बिजली विभाग के एक कर्मचारी को भी फंसाकर उससे रकम वसूली थी। इसी तरह अन्य विभागों को कर्मचारी, व्यापारी और नेता भी इन गिरोह के जाल में फंसकर रकम गंवा चुके हैं।

कॉल डिटेल करेगी कई चेहरे

मुरादाबाद। इस गिरोह के चंगुल में फंसकर अपनी रकम गंवाने वाले लोग वैसे तो सामने नहीं आए हैं लेकिन पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो पता चला कि 20 से 30 लोगों को यह गिरोह अपना शिकार बना चुका है। अब पुलिस दोनों महिलाओं और इनके साथियों के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवा रही है जिससे पता चलेगा कि इन्होंने किन किन लोगों से बात और चैट की है।

# दूसरे जिलों में प्रशिक्षुओं के हंगामे के बाद मुरादाबाद में अलर्ट

**मुरादाबाद।** दूसरे जिलों में ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षु सिपाहियों के हंगामे की शिकायतें सामने आने के बाद मुरादाबाद के पुलिस अफसर भी अलर्ट हो गए। अफसर प्रशिक्षुओं से लगातार संवाद कर रहे हैं, ताकि यहां ऐसी नौबत न आए।एसएसपी सतपाल अंतिल ने अधीनस्थ अफसरों के साथ आरटीसी का निरीक्षण किया। इसके बाद शाम को प्रशिक्षु सिपाहियों के साथ संवाद किया। उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षुओं से सुझाव भी मांगे। रात में अफसरों ने आरटीसी की मेस में प्रशिक्षुओं के साथ खाना भी खाया। पुलिस लाइन के अलावा



पीटीसी में 1500 महिलाएं, पीटीएस में 1400 पुरुष, 23 वाहिनी पीएसी में 600 पुरुष, 24 वाहिनी पीएसी में 600 पुरुष, नौवीं वाहिनी पीएसी में 400 महिलाओं की ट्रेनिंग शुरू हो गई है। तीन बार 40-40 मिनट की परेड पुलिस लाइन में मॉडल आरटीसी बनाई गई हैं। जिसमें 1000 प्रशिक्षु सिपाहियों की ट्रेनिंग और उन्हें ठहराने के लिए बैरक बनाए गए हैं। 992 प्रशिक्षुओं ने मंगलवार तक आमद कराई है। सहायक नोडल अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि पहले दिन सभी रिक्रूट्स तैयार होकर पांच बजे मैदान में पहुंच गए। पहले दिन 40-40 मिनट तीन बार में परेड कराई गई। उसके बाद सभी को मैदान में ही दलिया दिया गया। इसके बाद फिर से परेड कराई गई। साढ़े आठ बजे सभी परेड खत्म की गई और फिर नौ बजे सभी को खाना खिलाया गया। खाने में सब्जी, दाल, रोटी, चावल, सलाद दिया गया। फिर दोपहर बजे तक क्लास में पढ़ाया गया। शाम चार फिर से फिर से सभी को मैदान में बुला गया गया। साढ़े छह बजे तक परेड कराई गई। इसके बाद सभी अपनी अपनी बैरक में चले गए। आठ बजे फिर से गणना के लिए सभी को मैदान में बुला गया। रात साढ़े आठ बजे रात्रि भोजन दिया गया। दस बजे बजे तक सभी अपने अपने बैरक में पहुंच गए।

# सावन अमावस्या पर गूंजे हर-हर महादेव के उद्घोष, ब्रजघाट में आस्था से किया स्नान

**गजरौला।** सावन मास की अमावस्या के मौके पर ब्रजघाट व तिगरीधाम में पतित पावनी मां गंगा के अंचल में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान हर-हर महादेव व मां गंगा के जयकारों से गंगा घाट गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने घाट पर विराजमान पुरोहितों को दान कर पुण्य लाभ भी कमाया। गुरुवार को ब्रजघाट में ब्रह्म मुहूर्त प्रारंभ होते ही हर-हर गंगे के जयकारों के बीच गंगा में डुबकी लगाने का क्रम प्रारंभ हो गया था जो, निरंतर चलता रहा। स्नान उपरांत श्रद्धालुओं ने घाट पर बैठे ब्राह्मणों व पुरोहितों से भगवान



सत्य नारायण की कथा व हवन यज्ञ कराकर गंगा में फूल प्रसाद चढ़ा सुख समृद्धि की कामना की। ब्रजघाट में श्रद्धालु, मुरादाबाद, हापुड़, गजरौला, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, दिल्ली, हरियाणा इत्यादि क्षेत्रों से स्नान करने के लिए आए थे। किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ गोताखोर भी सतर्क रहे। उधर, तिगरीधाम में भी बिजनौर, धनौरा, चांदपुर इत्यादि जगह के श्रद्धालु पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधानने बताया कि तिगरीधाम व ब्रजघाट में स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पुलिस पूरी तरह से तैनात रही। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया है। इनमें बहुत सारे श्रद्धालु ऐसे भी रहे। जिन्होंने स्नान करने के बाद कांवड़ यात्रा शुरू कर दी।

# जीआरपी और आरपीएफ ने ट्रेनों में की चेकिंग

**चंदौसी (संभल)।** शिवरात्रि पर बुधवार को जीआरपी व आरपीएफ ने ट्रेनों में चेकिंग की। यात्रियों के बैगों की तलाशी लेकर उनसे पूछताछ की। साथ ही दोनों प्लेटफार्म, सकुर्लेटिंग एरिया आदि की जांच पड़ताल कर यात्रियों को जहरखुरानी के प्रति जागरूक किया। बुधवार को जीआरपी थाना प्रभारी अजीत सिंह व आरपीएफ थाना प्रभारी गोविंद सिंह के नेतृत्व में दोनों थानों की टीमों ने रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत जीआरपी व आरपीएफ की टीमों ने प्लेटफार्म नंबर एक व दो, सकुर्लेटिंग एरिया, आरक्षण केंद्र व पार्सल घर आदि जगहों पर जांच पड़ताल कर यात्रियों से पूछताछ की। साथ ही, महिलाओं को रेलवे द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी।



# प्रसव के बाद महिला की तबीयत बिगड़ी, मेरठ में कराया भर्ती

**हसनपुर (अमरोहा)।** निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई। महिला को मेरठ में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। परिजनों ने अस्पताल संचालक पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीएमओ से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली के फूलपुर गढ़ी गांव निवासी संजू ने बताया कि उन्होंने पत्नी सविता को 17 जून की शाम प्रसव पीड़ा होने पर रहरा अड्डे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसव के बाद सविता को लगातार ब्लीडिंग की समस्या हुई। अस्पताल के चिकित्सक ब्लीडिंग रोकने में असफल रहे। इस बीच उन्होंने सविता का अंदरूनी ऑपरेशन किया, जिससे उनकी स्थिति और खराब हो गई। लगातार ब्लीडिंग होने और पेशाब न आने की समस्या के कारण 19 जून की शाम उन्हें मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जहां हालत गंभीर है। मामले की शिकायत सीएमओ से की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डा.ध्रुवेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई कराई जाएगी।

# समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में किया गया बैठक का आयोजन





बहजोई/संभल (सब का सपनाः- कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। वृद्धावस्था पेंशन के सत्यापन एवं जीरो पावर्टी का लक्ष्य पूर्ण हुआ है या नहीं इसकी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पेंशन के लंबित आवेदन को लेकर भी विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी। फैमिली आईडी एवं शादी अनुदान योजना पर चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत नीट, एसएससी,एवं यूपीएससी तथा यूपीपीएससी आदि की तैयारियों को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी भी अभ्युदय कोचिंग में जाकर प्रतियोगी छात्रों को परीक्षा की तैयारी कैसे की जाए एवं विषय से संबंधित जानकारी प्रदान करें। छात्रवृत्ति तथा सर्वोदय विद्यालय की स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजकीय छात्रावास के विषय में भी जानकारी प्राप्त की गयी।चंदौसी में चलने वाले वृद्धाश्रम के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी तथा केयर टेकर को अव्यवस्था के कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार,जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा तथा समाज सेविका संगीता भार्गव तथा उडान ग्रुप बबराला से ममता राजपूत एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हज सत्र-2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई

**संभल (सब का सपना):-** हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा हज-2026 की अधिकारिक घोषणा 07 जुलाई 2025 को कर दी गयी है। हज सत्र-2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 07.07.2025 से हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट https://www. hajcommittee. gov.in व हज सुविधा एप पर भरे जा रहे हैं एवं आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.07.2025 निर्धारित है। उ0प्र0 में हज आवेदन करने की गति अत्यधिक धीमी है अब तक केवल 8413 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इसकी अपेक्षा अन्य राज्यों के काफी तेज गति से आवेदन हो रहे हैं जिनकी संख्या एक लाख तक पहुँच चुकी है। भारत सरकार द्वारा हज कमेटी को कुल 1,22,000/-का कोटा आवंटित है यदि अन्तिम तिथि 31.07.2025 तक पूरे भारत से 1,22,000/-आवेदन प्राप्त हो जाते हैं तो हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के कथनानुसार अन्तिम तिथि में कोई वृद्धि नहीं होगी। हज-2026 में हज यात्रा के इच्छुक आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये है, जो निम्न प्रकार हैः- 1-पासपोर्ट मशीन पठित होना चाहिए, हस्तलिखित नहीं, पासपोर्ट की वैद्यता दिनांक 31 दिसम्बर, 2026 तक होना अनिवार्य है। 2-हज-2026 हेतु सामान्य 40 दिवस व छोटी 20 दिवसीय हज यात्रा हेतु आवेदन का विकल्प रखा गया है। छोटे विकल्प हेतु केवल सात (07) उड़ान स्थल निर्धारित हैं। (अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोच्चिन, दिल्ली, हैदराबाद व मुम्बई) 3-ऑनलाइन आवेदन हेतु पासपोर्ट साइट फोटो, पासपोर्ट का प्रथम व अन्तिम पृष्ठ, ऐडरेस प्रूफ, बैंक खाते का विवरण कैन्सिल्ड चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति अपलोड करना आवश्यक है। 4-हज-2026 हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइटवेबसाइट https://www.hajcommittee.gov.in https://www.hajcommittee.up.gov.in पर उपलब्ध हैं। फार्म भरने से पूर्व इसका अवलोकन अवश्य कर लें। 5- हज सत्र 2025 में लखनऊ से जाने पर रु0-3,37,350/-व दिल्ली से रू0-3,27,400/-कुल हज खर्च लगा था। 6-हज-2026 हेतु अधिकतम 05 लोग एक साथ आवेदन कर सकते हैं। 7-65 वर्ष से अधिक आयु के आवेदकों हेतु एक कम्पेनियन आवश्यक है जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष होनी चाहिए। 7-महिलाओं हेतु बिना मेहरम श्रेणी में 45 वर्ष की महिला अकेले आवेदन कर सकती है परन्तु 65 वर्ष से अधिक की महिला हेतु एक महिला कम्पेनियन होना आवश्यक है। 8-0-12 वर्ष तक की आयु के बच्चे आवेदन के पात्र नहीं होंगे। 9-ऑनलाइन आवेदन उपरान्त आवेदन फार्म अपलोड किये गये प्रपत्रों सहित उ0प्र0 राज्य हज समिति को उपलब्ध कराना होगा।

# अमेठी में मॉडल शॉप के निर्माण को लेकर विवाद

**ग्राम प्रधान समेत ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत, पूर्व प्रधान के बेटे पर लगाए आरोप**



**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवाल:-** जनपद के बाजार शुकुल की ग्राम पंचायत शेखपुर भण्डरा में मॉडल शॉप के निर्माण को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। ग्राम प्रधान कैसर जहां और ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधान के पुत्र और वर्तमान सदस्य ने मनमाने तरीके से मॉडल शॉप का निर्माण कराने का प्रस्ताव पास करा लिया है। उनका कहना है कि मॉडल शॉप का निर्माण ग्राम भण्डरा में किया जाना चाहिए, जहां अधिकतर गरीब और पिछड़े वर्ग के लोग निवास करते हैं। प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ब्लॉक कर्मचारियों पर अपना दबाव बना रहा है। वह विकास निधि और प्रधान के अधिकारों का दुरुपयोग कर रहा है। महिला प्रधान होने का फायदा उठाकर आरोपी अनाधिकृत रूप से प्रतिनिधि बन बैठा है। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही मॉडल शॉप का निर्माण ग्राम भण्डरा में कराया जाए और आरिफ के अवैध हस्तक्षेप को रोका जाए। जिलाधिकारी संजय चौहान ने इस मामले में जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जाए निस्तारण:- डीएम



**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवाल:-** जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु, व्यापार बंधु एवं औद्योगिक/व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी ने इकाइयों/व्यापारिक बन्धुओं से प्राप्त समस्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने/कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों से अवैध कब्जा खाली कराए जाने, पार्किंग व्यवस्था, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनापत्ति प्राप्त कराए जाने, विद्युत कनेक्शन तथा औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों से संबंधित अन्य सभी प्रकरणों पर भी चर्चा की तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरान्त निवेश मित्र पोर्टल पर निर्धारित समय के उपरांत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के संबंध में शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा की गई तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निवेशकों द्वारा किए गए एमओयू के क्रियान्वयन तथा उन्हें धरातल पर उतारने के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि उद्योग स्थापना में यदि किसी भी उद्यमी को किसी भी विभाग से कठिनाई से आ रही हो तो समिति को अवगत कराएं उसका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने श्रम बन्धु की समीक्षा करते हुए उपस्थित उद्यमियों/व्यापारियों को श्रम विभाग में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक श्रमायुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की श्रमिकों को जानकारी देने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र दिनेश कुमार चौरसिया ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, एलडीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक हुई समपन्न-



**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति, औद्योगिक सुरक्षा फोरम समिति, व्यापार बंधु,श्रम बंधु,एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन ईकाई तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अयोध्या मंडल प्रभारी हरिकेश श्रीवास्तव, जिला कार्यकारिणी के संरक्षक डॉ अजय अग्रहरि,डॉ एसपी पाल,जिलाध्यक्ष सियाराम वैश्य, जिलाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) कंचन गुप्ता,प्रभारी सतीश श्रीवास्तव,महामंत्री डॉ हरिश्चंद्र गुप्ता,उपाध्यक्ष दीपक अग्रहरि, मीडिया प्रभारी रामेंद्र अग्रहरि,अढ़नपुर अध्यक्ष बृजेश अग्रहरि, शाहगढ़ के अध्यक्ष बृजलाल अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने दुर्घटना पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**दुर्घटना में मृत भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल दूबे को दी श्रद्धांजलि**



**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवाल:-** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त द्विवेदी बुधवार को अमेठी पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में सड़क दुर्घटना में मृत भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल दूबे के आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से भेंट की और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दुखद अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला भी मौजूद रहे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस कठिन समय में धैर्य और साहस बनाए रखने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने दिवंगत राहुल दूबे के संगठनात्मक योगदान को याद करते हुए उन्हें एक समर्पित एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता बताया और कहा कि पार्टी परिवार इस अपूर्णीय क्षति से दुखी है तथा हर संभव सहयोग परिवार को प्रदान किया जाएगा।

# उप कृषि निदेशक ने किया उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण

**किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने पर दिया जोर**



**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवाल:-** जिले में खरीफ फसलों की बुवाई और धान की रोपाई का कार्य तेजी से जारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषकों को गुणवत्ता युक्त उर्वरकों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार द्वारा गुरुवार को विभिन्न उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र और अमन प्रखर खाद भंडार, मुसाफिरखाना का दौरा किया। निरीक्षण के समय केंद्र प्रभारी सुनील उपाध्याय समेत लगभग 15 किसान भी केंद्र पर मौजूद थे, जिनमें प्रदीप कुमार (पलिया चंदापुर), राम लोटन (टिकरा) और दिलीप कुमार (जमुवारी) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि केंद्र पर यूरिया की 1422 बोरी एवं डीएपी की 482 बोरी उपलब्ध है। उपलब्धता को पीओएस मशीन तथा अभिलेखों से मिलान किया गया, जो पूर्णतः सही पाया गया। साथ ही यह भी देखा गया कि खाद का वितरण नियमानुसार और सुचारू रूप से किया जा रहा है। उप कृषि निदेशक ने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि उर्वरकों का वितरण पारदर्शिता के साथ किया जाए एवं किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुसार किसानों को समय से उचित दर पर खाद उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

## 50 ग्राम स्मैक के साथ 1 अभियुक्त हुआ गिरफ्तार



**अमेठी(सब का सपना)आदित्य बरनवाल:-** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त आलोक उर्फ कल्लू पुत्र मदनलाल श्रीवास्तव निवासी मऊ अतवारा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । खबर लिखे जाने तक गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही थी।

# तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त हुआ गिरफ्तार



**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवाल:-** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में राकेश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त इन्द्राज पुत्र गुरूबक्श निवासी बरूआ थाना डीह जनपद रायबरेली उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। खबर लिखे जाने तक गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही थी।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी जनता की समस्याएं-




**अमेठी (सब का सपना) आदित्य बरनवाल:-** जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पति को पहले दीं नींद की गोलियां, फिर चाकू घोंपकर मार डाला; देवर से चल रहा था अफेयर



**पश्चिमी दिल्ली।** उत्तम नगर में चचेरे देवर के साथ पति की हत्या करने का मामला लोग भुला भी नहीं पाए थे कि अब ऐसी ही वारदात बाहरी जिले के निहाल विहार में हुई है। वैवाहिक जीवन और आर्थिक तंगी से परेशान पत्नी ने पति को पहले नींद की गोलियां दीं और फिर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। उत्तम नगर हत्याकांड की ही तरह इस वारदात में भी महिला ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। जिस शख्स की हत्या हुई है, उनका नाम मो. शाहिद उर्फ इरफान है। पति की हत्या के आरोप में पुलिस ने आरोपित पत्नी फरजाना खान को गिरफ्तार कर लिया है। युवक के पेट में मिले चाकू के तीन घाव पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। छानबीन में पता चला है कि फरजाना का बरेली में रहने वाले अपने चचेरे देवर से प्रेम-प्रसंग भी चल रहा था। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि रविवार शाम करीब 4.15 बजे संजय गांधी अस्पताल से निहाल विहार थाना पुलिस को एक युवक की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि मृतक का भाई जफर हुसैन उसे अस्पताल लेकर पहुंचा है। यहां जांच में युवक के पेट में चाकू के तीन घाव मिले। पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के सामने गढ़ी आत्महत्या की कहानी छानबीन के दौरान शाहिद की पत्नी फरजाना ने बताया कि उसके पति को ऑनलाइन सट्टे की लत थी। वह लगातार हार रहा था, जिस कारण उस पर काफी कर्ज हो गया था। उसने कई तरह की गोलियां खाईं थीं। उसने उल्टी भी की थी। कर्ज से परेशान होकर तनाव के बीच उसने खुद ही पेट में चाकू मारकर जान दे दी, लेकिन अगले दिन जब शव का पोस्टमार्टम हुआ तो चिकित्सकों ने शव पर मिले घाव पर गौर करते हुए इस मामले को हत्या करार दिया।

# आतंकी गतिविधियों में शामिल होने को फाइक ने छोड़ा था घर, फास्ट फूड रेस्टोरेंट में करने लगा था काम

**नई दिल्ली।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) द्वारा गिरफ्तार अल-कायदा इन इंडियन सब-कान्टिनेंट (एक्यूआईएस) का आतंकी फाइक कुछ मह पहले परिवार से इसलिए अलग रहने लगा था ताकि उसकी गतिविधियों पर किसी को संदेह न हो सके। वह पुरानी दिल्ली के फराशखाना की गली मीर मदारी में दस वर्षों से रह रहा था। फाइक को मंगलवार को उसी इलाके में स्थित एक फास्ट फूड रेस्टोरेंट से गिरफ्तार किया गया, जहां वह पिछले कुछ समय से काम कर रहा था। पैसों की कमी से रहता था परेशान फाइक की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, वह पैसों की कमी के चलते परेशान रहता था। कुछ समय पहले किसी आतंकी के संपर्क में आने पर जब उसने इसे पैसों का लालच दिया तब वह जेहादी बन गया। एटीएस अब फाइक के मोबाइल फोन, संपर्क सूत्रों और डिजिटल गतिविधियों की गहन जांच कर रही है। फाइक की गिरफ्तारी से इलाके में सनसनी फैल गई, क्योंकि पड़ोसियों और जानकारों को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि वह किसी आतंकी गतिविधि में संलिप्त हो सकता है। आसपास के लोगों ने बताया कि फाइक पहले शांत स्वभाव का था। वह कभी किसी से झगड़ा भी नहीं करता था। वह दो मोबाइल रखता था, जिनमें एक मोबाइल का इस्तेमाल वह केवल आतंकी आकाओं से बात करने में इस्तेमाल करता था। फाइक की शादी 2022 में हुई थी। उसकी एक डेढ़ वर्षीय बेटी है। वह अपनी पत्नी और बच्ची के साथ परिवार से अलग रह रहा था। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, वह अपने पिता रिजवान, मां और बड़े भाई से कुछ माह पहले ही अलग हुआ था। उसके पिता फराशखाना इलाके में ही खैरात मशीन चलाने का काम करते हैं। पिता रिजवान ने बताया कि उनका बेटा बेकसूर है। गिरफ्तारी के बाद से परिवार वाले सदमे में हैं। बार-बार बदलता था काम क्रिस्पर्स नामक फास्ट फूड रेस्टोरेंट के मालिक ने बताया कि फाइक उनके पास पिछले काफी समय से काम कर रहा था। वह बीच-बीच में काम छोड़ देता था और कभी चश्मे की दुकान तो कभी इलाके में ही खाने-पीने का ठिया लगाता था। उन्होंने बताया कि वह 15 दिन पहले ही उनके पास आया था पैसों की जरूरत बताकर फिर से काम पर लग गया।

# दिल्ली के रिहायशी इलाकों का हुआ ऐसा हाल, देखकर हर कोई हैरान; घरों में कैद रहे लोग



**नई दिल्ली।** दिल्ली में हालांकि ज्यादा वर्षा नहीं हुई बावजूद इसके राजधानी के रिहायशी इलाके जलमग्न दिखे। आलम यह रहा कि रिहायशी इलाकों में सुबह हुई वर्षा का पानी दोपहर बाद तक भरा रहा। वहीं, कई इलाकों में तो शाम तक पानी जमा होने और कीचड़ होने की स्थिति बनी रही। सुबह की वर्षा के कारण रिहायशी इलाकों में जलभराव से स्कूल जाने वाले बच्चों को अभिभावकों को स्कूल तक छोड़ने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, दफ्तर जाने वालों को भी काफी परेशानी हुई। लोग जलभराव और जाम से आशंकित मेट्रो का उपयोग करते हुए ज्यादा नजर आए। वहीं, वर्षा के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई इसलिए मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। मध्य दिल्ली की बात करें तो सदर बाजार, तेलीवाडा, विक्रम नगर, दिल्ली गेट, मीना बाजार, कूचा ताराचंद, तुर्कमान गेट, जाकिर हुसैन कालेज, अंसारी रोड जैसे इलाकों में जलभराव हो गया। कई स्थानों पर दोपहर बाद पानी निकल पाया तो वहीं, शाम तक भी कई इलाकों में पानी जमा रहा। इसी तरह दक्षिणी दिल्ली के सुबह हुई तेज वर्षा से निचले इलाकों में पानी भर गया। कई प्रमुख सड़कें भी जलमग्न होने से कुछ जगहों पर यातायात प्रभावित रहा। एमबी रोड पर पुल प्रहलादपुर, संगम विहार, देवली और खानपुर के पास पानी भरा होने से जाम लगा रहा। वहीं मां आनंदमयी मार्ग पर ओखला लैंडफिल साइट के पास भी सड़क पर पानी भरा होने से वाहन रेंगते नजर आए। संगम विहार, देवली और सैनिक फार्म की अंदरूनी सड़कों पर भी घुटने तक पानी भर गया। पानी का स्तर ज्यादा होने से टेंपो से लेकर बाइक तक खराब होकर बंद होते रहे। महरौली में कालका दास मार्ग पर कुतुब मीनार के पास सड़क टूटी है। बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। यहां भी घुटनों तक वर्षा का पानी भर गया। सिंगल रोड होने के चलते जाम लग गया। संगम विहार, देवली और सैनिक फार्म इलाकों की सड़कों से पानी की निकासी में करीब दो घंटे लग गए। वहीं संगम विहार स्थित रतिया मार्ग की स्थिति सबसे ज्यादा खराब रही। यहां से पानी की निकासी में करीब चार घंटे लगे। पूर्वी दिल्ली में मुख्य सड़कों की बात करें तो एनएच नौ की सर्विक लेन, वजीराबाद रोड, ब्रह्मपुरी रोड, लोनी रोड, पटपड़गंज रोड पर जलभराव हुआ।

# राजधानी में पैदल चलना कितना खतरनाक? सामने आई रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में पैदल चलना भी जान जोखिम में डालने जैसा है। तेज ट्रैफिक में सड़क पार करना सबसे बड़ी चुनौती है। पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं का अभाव है और लोग डरकर सड़क पर चलते हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन में सामने आया है कि दिल्ली में सड़क हादसों में मरने वालों में 35 प्रतिशत तक पैदल यात्री हो सकते हैं। अध्यन के मुताबिक, दिल्ली की कुल आबादी लगभग दो करोड़ है और यहां का ट्रैफिक व्यवस्था बहुत विविधतापूर्ण है। इसमें कार, ट्रक, दोपहिया, आटो रिक्शा जैसे मोटरवाहनों के साथ-साथ पैदल यात्री, साइकिल, पशु और मानव चालित वाहन भी शामिल हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति वाहन स्वामित्व देश में सबसे ज्यादा है। खासकर, दोपहिया वाहनों की संख्या में तेजी से वृद्धि के कारण सड़क दुर्घटनाओं में मौतों का अनुपात प्रति एक लाख जनसंख्या पर 9 मौतें हो गया है। दिल्ली के परिवहन अनुसंधान और चोट निवारण केंद्र (ट्रिप-सी), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली और यूनिवर्सिटी कालेज लंदन ने यह अध्ययन किया है। परसेप्शन ऑफ पेडेशट्रियन सेफ्टी इन दिल्ली ए रैश एनालाइसिस एप्रोच नामक अध्ययन में सामने आया है कि साल 2022 में कुल 1461 सड़क हादसों में से 43 प्रतिशत हादसे पैदल यात्रियों से जुड़े थे। हालांकि, स्वतंत्र शोधों के मुताबिक असल आंकड़ा और भी ज्यादा यानी 35 प्रतिशत तक हो सकता है। दूसरी तरफ, दिल्ली में 26.3 प्रतिशत लोग रोजमर्रा के सफर के लिए पैदल चलना पसंद करते हैं। शोध में शामिल आइआइटी दिल्ली की प्रोफेसर गीतम तिवारी ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली के आठ वार्डों में 426 पैदल यात्रियों से बातचीत पर आधारित इस अध्ययन में सामने आया कि पैदल चलने से जुड़ी 15 में से 12 स्थितियों को "असुरक्षित" माना गया। इस अध्ययन में पाया गया कि पैदल यात्री अपने आसपास के माहौल से जुड़ी सुरक्षा खतरों को अच्छी तरह पहचानते हैं। उनकी यह धारणा उनकी उम्र, लिंग, स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और पुराने अनुभवों पर निर्भर करती है। शोधकताओं ने रैश विश्लेषण तकनीक का उपयोग किया। यह तकनीक बताती है कि कोई व्यक्ति किसी विशेष परिस्थिति को कितना असुरक्षित महसूस करता है। पैदल चलने वालों ने ऊंचे फुटपाथ और वहां स्ट्रीट वेंडरों की उपस्थिति को कम घातक बताया है। उन्होंने कहा है

# टेक ऑफ से पहले ही एअर इंडिया के विमान में आई खराबी, दिल्ली से मुंबई 160 यात्रियों को लेकर जा रहा था विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमान ने बुधवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर तकनीकी खराबी के कारण उड़ान रद कर दी। यह विमान 160 यात्रियों को लेकर मुंबई जाने की तैयारी में था। एयर इंडिया की ओर से बताया गया कि विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद चालक दल ने उड़ान को रद करने का फैसला लिया। बताया गया कि पायलट ने उड़ान को रद करने का फैसला उस समय लिया, जब कॉकपिट में गति मापदंडों को प्रदर्शित करने वाली स्क्रीन में कुछ गड़बड़ी देखी गई। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों को विमान से उतारकर दूसरे विमान में बैठाया गया और मुंबई के लिए रवाना किया गया। एयर इंडिया की ओर से इस तकनीकी खराबी के चलते खेद व्यक्त किया गया।



# हरियाली तीज पर कोथली के रूप में बहनों को CM सैनी दे सकते हैं बड़ी सौगात



**चंडीगढ़ :** हरियाणा में यूं तो तीज त्यौहारों का अपना ही महत्व है और इस दिन भाइयों व परिवार की ओर से बहनों को कोथली देने की भी रवायत है। ऐसे में साफ तौर कहा जा सकता है कि ये दिन खासकर महिला वर्ग के लिए अहम होता है। इसी दिन की प्रासंगिकता को कायम रखने के मकसद से प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाई की भूमिका में 28 जुलाई को अंबाला में होने वाले राज्य स्तरीय तीज महोत्सव में महिला वर्ग को ह्वकोथलीह्न के रूप में कई बड़ी सौगातें दे सकते हैं। माना जा रहा है कि इन सौगातों में लाडो लक्ष्मी योजना को साकार रूप देते हुए हर माह महिलाओं के खाते में 2100 रुपए दिए जाने की मुहिम भी शामिल है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि हरियाली तीज पर मुख्यमंत्री सैनी लाडो लक्ष्मी योजना के संदर्भ में जहां 2100 रुपए दिए जाने की अपनी घोषणा को वास्तविक रूप प्रदान करते हुए इस योजना के आवेदन को लेकर पोर्टल लांच कर सकते हैं वहीं ये भी अनुमान है कि इस ह्वकोथलीह्न में महिलाओं के हितार्थ अन्य कई कल्याणकारी योजनाओं को भी लागू किया जा सकता है। ऐसे में प्रदेश की महिलाओं को हरियाली तीज का न केवल बेसब्री से इंतजार है बल्कि अंबाला में होने वाले राज्य स्तरीय तीज महोत्सव को लेकर भी उत्साह है। चूंकि साल 2024 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की महिलाओं को वादा किया था कि सरकार बनने पर वे जहां महिलाओं की खातिर अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू करेंगे वहीं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के मकसद से उनके खाते में हर माह 2100 रुपए डाले जाएंगे। ऐसे में राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि ये तीज हरियाणा की महिला वर्ग के लिए बड़ी अहम हो सकती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री नायब सैनी महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण से जुड़ी कई नई योजनाओं की घोषणा भी कर सकते हैं जिनमें आर्थिक सहायता, कौशल विकास या रोजगार के अवसर प्रदान करने वाली योजनाएं भी शामिल हो सकती हैं। इसलिए लागू हो सकती है लाडो लक्ष्मी योजना गौरतलब है कि इससे पूर्व भी भाजपा के शासनकाल में ही प्रदेश सरकार द्वारा रक्षाबंधन अथवा तीज जैसे बड़े त्यौहारों पर महिलाओं के हितार्थ कई घोषणाओं को पूरा किया गया है और संभवतः अंबाला में सरकार की ओर से हरियाली तीज के उपलक्ष्य में 28 जुलाई को मनाए जा रहे राज्य स्तरीय तीज महोत्सव के मंच से मुख्यमंत्री नायब सैनी महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, या सामाजिक सुरक्षा से संबंधित नई योजनाएं शुरू कर सकते हैं क्योंकि पूर्व में भी सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के लिए उद्यमिता को बढ़ावा देने से संबंधित हरियाणा मातृ शक्ति उद्यम योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का ऋण देने की योजना शुरू की थी। इसी प्रकार की योजनाओं का विस्तार या नई आर्थिक सहायता की घोषणा भी अंबाला में हो सकती है। इसके साथ साथ हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों या पुरस्कारों की घोषणा भी हो सकती है। अंत्योदय परिवारों की महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं जैसे अतिरिक्त सब्सिडी, मुफ्त आवास या अन्य आर्थिक सहायता की घोषणा कर सकती है। इसके अलावा लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत भी इसी मंच के जरिए हो सकती है क्योंकि विधानसभा चुनाव के दौरान हरियाणा सरकार ने घोषणा की थी कि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना गरीबी रेखा से नीचे और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। तीज महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस योजना को आधिकारिक रूप से शुरू करने या इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा कर सकते हैं। माना जा रहा है कि इस योजना के लिए पंजीकरण पोर्टल खुल सकता है और संभवतः 9 अगस्त रक्षाबंधन से पहले ही योजना हरियाणा में शुरू हो सकती है। प्रदेश में 4 फेज में लागू होगी योजना अहम बात ये है कि प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी लाडो लक्ष्मी योजना को 4 फेज में लागू किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के जानकारों का कहना है कि पहले फेज में उन महिलाओं को शामिल किया जाएगा जो आर्थिक रूप से बहुत ज्यादा कमजोर हैं। हरियाणा में बी.पी.एल (1.80 लाख रुपए से कम वार्षिक आय) राशनकार्ड धारकों की संख्या करीब 46 लाख है। संभावना है कि परिवार पहचान पत्र (पी.पी.पी) में दर्ज आय के हिसाब से ऐसे परिवारों की महिलाओं को प्राथमिकता मिले जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपए से भी कम है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की ओर से 28 जुलाई को योजना के तहत पहली किस्त के वितरण की भी घोषणा कर सकते हैं या कुछ पात्र महिलाओं के खातों में प्रतीकात्मक रूप से 2100 रुपए ट्रांसफर कर योजना की शुरूआत भी हो सकती है। यह महिलाओं के लिए उत्सव के दौरान एक बड़ा तोहफा माना जाएगा। बताया गया है कि तीज महोत्सव में सरकार योजना के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा कर सकती है। लाडो लक्ष्मी योजना के संदर्भ में विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी 5 हजार करोड़ रुपए के बजट की घोषणा पूर्व में ही कर चुके हैं और इस योजना के साथ साथ सरकार अन्य महिला-केंद्रित योजनाओं हर घर हर गृहिणी योजना (500 रुपए में घरेलू गैस सिलैंडर) या लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना (जिन परिवारों में केवल बेटियां हैं, उन्हें पैंशन) के विस्तार की भी घोषणा कर सकते हैं। चूंकि योजना के संदर्भ में जहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा ड्राफ्ट मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा जा चुका है तो वहीं मुख्यमंत्री सैनी भी साफ कर चुके हैं कि योजना के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल तैयार किया जा रहा है। योजना के ऐलान के साथ ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए जाएंगे।

## हरियाणा CET परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए चलेंगी 12000 बसें, 1500 सामान्य रूट पर भी दौड़ेंगी




**पंचकूला।** हरियाणा में 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाले कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) की परीक्षा को लेकर राज्य में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के कारण आम लोगों कोई दिक्कत नहीं होगी। सरकार की तरफ से एक याचिका की सुनवाई के बताया गया कि रोडवेज की 4000 बस में से 2500 बस सीईटी परीक्षा में तैनात की गई है जबकि 1500 बस सामान्य रूट पर जनता के लिए चलेगी। कोर्ट को बताया गया सीईटी के लिए जिलों के डीसी द्वारा निजी स्कूलों की 9500 बस का भी प्रबंध किया गया है। आम लोगों को नहीं होगी कोई परेशानी सरकार के जवाब पर कोर्ट ने कहा कि परीक्षा शनिवार और रविवार हो होनी है इसलिए कार्यालय बंद होते है फिर भी सरकार उचित कदम उठाए ताकि आमजन को परिवहन बारे कोई दिक्कत न हो। इसी के साथ कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया। इस विषय पर दायर याचिका में कहा गया था कि सरकार के इस फैसले से हरियाणा रोडवेज की अधिकतम बसें परीक्षा ड्यूटी में तैनात हो जाएंगी, जिससे दैनिक यात्रियों, कार्यालय जाने वालों, मरीजों, बुजुर्गों और श्रमिक वर्ग को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि राज्य सरकार ने इस योजना की घोषणा तो कर दी, लेकिन आम जनता के लिए कोई वैकल्पिक या आकस्मिक परिवहन व्यवस्था नहीं की गई, जिससे उनके संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। अभ्यर्थियों को मिलेगी फ्री बस सेवा याचिका में यह भी बताया गया है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने जून 2025 में सीईटी परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया था, जिसके बाद जुलाई के आरंभ में राज्य सरकार ने अभ्यर्थियों को रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा देने की घोषणा की। इसके तहत परीक्षा के दोनों दिन अधिकतर बसों को अभ्यर्थियों की आवाजाही में लगाया जाएगा। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय से यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि राज्य सरकार सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को न्यूनतम आवश्यक स्तर पर बनाए रखने के लिए समुचित कदम उठाए तथा आम जनता के हितों की रक्षा के लिए एक समर्पित संचार एवं आकस्मिक तंत्र स्थापित करे।

## गुरुग्राम में एंबियंस मॉल के पास टोल कर्मचारी की संदिग्ध मौत, पेड़ से लटका मिला शव



**गुरुग्राम।** एंबियंस मॉल के पास स्थित टोल प्लाजा के आफिस में श्रमिक का काम करने वाले एक कर्मचारी की बुधवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव टोल प्लाजा के पास एक ऊंचे पेड़ पर लटका पाया गया। उद्योग विहार थाना पुलिस ने रात दो बजे शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृत युवक की पहचान 23 वर्षीय संतराम के रूप में की गई। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के शंकर नगर के रहने वाले थे। फिलहाल छह महीने से गुरुग्राम में किराये से रहकर टोल प्लाजा के आफिस में काम कर रहे थे। बताया जाता है कि बुधवार रात ड्यूटी के बाद संतराम ऑफिस से बाहर चले गए। इसके बाद रात दो बजे जब लोग घटनास्थल के पास से निकले तो शव पेड़ से लटकता देखा। लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को लोडर मशीन के माध्यम से नीचे उतारा। एफएसएल टीमों ने भी घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने बताया कि हरे रंग की पट्टी से गले में फंदा लगाया गया था। यह पट्टी घरों के बाहर धूल और धूप का बचाव करने के लिए लगाई जाती है। कर्मचारियों से पूछताछ में पता चला कि संतराम ने रात में शराब पी रखी थी। घटनास्थल के पास से उसका टूटा हुआ मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस ने घटना की सूचना परिवारवालों को दी है। उनके आने के बाद शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। उद्योग विहार थाना पुलिस ने बताया कि फिलहाल अभी कोई शिकायत नहीं मिली है।

## फरीदाबादः खुद को पुलिसवाला बताकर की लूटपाट कारोबारी से छीने दो लाख रुपये और सोने की चेन




**फरीदाबाद ।** सेंट्रल थाना क्षेत्र में अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर एक युवक ने मार्बल कारोबारी से दो लाख रुपये और सोने की चेन छीन ली। आरोपित रुपये और चेन लेने के बाद फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेंट्रल थाना पुलिस को दी। पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा खंगालने में जुटी है। एनआईटी एक में रहने वाले गौरव जैन ग्रेटर फरीदाबाद में मार्बल का काम करते हैं। वह अक्सर रुपये जमा करने के लिए बैंक जाते हैं। बृहस्पतिवार को भी वह तीन बजे के करीब रुपये जमा करने के लिए सेक्टर-16 स्थित बैंक जा रहे थे। नीलम फ्लाइओवर से उतरकर वह जैसे ही ओल्ड फरीदाबाद की तरफ बढ़े तो पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार ने उनको रोक लिया। युवक ने अपने आपको पुलिसकर्मी बताते हुए गौरव जैन से कहा कि अवैध काम कर रहे हैं। ऐसा कहते हुए युवक ने गौरव जैन की तलाशी लेनी शुरू कर दी। इस दौरान उसने मार्बल कारोबारी की सोने की चेन भी ले ली। वहीं गाड़ी में रखे दो लाख रुपये भी ले लिए। इसके बाद आरोपित गौरव जैन को धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी अपने स्वजन को दी। वहीं मामले की सूचना सेंट्रल थाना पुलिस को दी गई। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पेट्रोल पंप में लगे कैमरों से आरोपित के बारे में जानकारी हासिल करना चाह तो वह खराब निकले। इसके बाद पुलिस पास में स्थित आभूषण विक्रेता की दुकान पर पहंचकर सीसीटीवी के फुटेज लिए। सेंट्रल थाना प्रभारी सुनील कुमार के अनुसार आरोपित की तलाश की जा रही है।

## कैथल में खून से लथपथ मिला युवक का शव, मचा हड़कंप



**कैथल :** कैथल जिले के बड़सीकरी कलां गांव में आज एक 24 वर्षीय युवक का खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान मटौर गांव निवासी पालाराम के बड़े बेटे प्रवीन के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि युवक की गंडासे से वार कर हत्या की गई और शव को दूसरी जगह फेंका गया। पुलिस ने हत्या की पुष्टि करते हुए जांच शुरू कर दी है। शव पड़ा देख ग्रामीणों में फैली दहशत सुबह गांव की एक गली में बिटोड़े के पास शव पड़ा देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मौके पर भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी रामनिवास के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। कैथल जिले के बड़सीकरी कलां गांव में आज एक 24 वर्षीय युवक का खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया। आसपास की गलियों में खून के निशान मिले, जिससे हत्या की आशंका गहरा गई। मृतक के पिता पालाराम ने बताया कि प्रवीन उनका बड़ा बेटा था और वह अक्सर बड़सीकरी कलां आया-जाया करता था। उन्होंने कहा कि प्रवीन नशे से दूर था और उसका आचरण हमेशा अच्छा रहा। हमें नहीं पता कि वह उस गांव क्यों गया था। परिवार ने किसी भी शिकायत या दुश्मनी से इनकार किया। पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को बुलाकर घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला हत्या का है, लेकिन हत्या के कारण और दोषियों का पता लगाने के लिए गहन जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही अपराधियों तक पहुंचने की कोशिश में है। वहीं एसएचओ रामनिवास ने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ रही है। जल्द ही दोषियों को पकड़ा जाएगा। गांव में तनाव के बीच पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है।

## भाजपा सरकार में बिना खर्ची-पर्ची मिल रही नौकरी पूर्व सरकारों के समय सजती थी दुकानें



भाजपा सरकार में बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं को नौकरी मिल रही है। इस कारण काबिल लोग इस क्षेत्र में आ रहे हैं जबकि पूर्व की सरकारों में तो नौकरी की दुकानें सजती थीं। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज गुरुवार को हरियाणा सरकार द्वारा अधिनियमित सेवा सुरक्षा कानून 2024 के अंतर्गत नगर परिषद अंबाला सदर के 47 कर्मचारियों को रोजगार गारंटी प्रमाण पत्र वितरण करने के दौरान संबोधित कर रहे थे। रोजगार गारंटी प्रमाण पत्र पाने वाले लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोगों का भविष्य जहां सुरक्षित होगा, वहीं 58 वर्ष तक वह अपनी सेवाएं नगर परिषद में दे सकेंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हमने हरियाणा का इतिहास बदल दिया है। अंबाला छावनी की जनता ने उन्हें सात बार विधायक बनाया। वह वर्ष 1990 से सक्रिय राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैंने देखा है कि पहले की सरकारों में नौकरी के लिए दुकानें लगती थीं, बड़ी-बड़ी राशि देकर नौकरी देने के भी आरोप लगते रहे हैं। पहले सरकार नहीं दुकानदारी थी जहां माल बिकता था। परिवार व क्षेत्रवाद का बोलबाला था, इतना ही नहीं लोग अपने मकान या जमीनें बेचकर अपने बच्चों को नौकरी दिलाने के लिए मजबूर थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आते ही इस पर अंकुश लगाने का काम किया। ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने के लिए किया संघर्ष ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया है। अंग्रेजों के समय से यह प्रथा चली आ रही थी। ठेकेदारी प्रथा में ठेकेदार श्रमिक का पैसा तक खा जाते हैं। उन्होंने इस प्रथा को खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी और 2021 एचकेआरएन बनाकर ठेकेदारी प्रथा को खत्म किया। युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे, इसके लिए वर्ष 2025 में विधानसभा में बिल पारित किया गया। शहर को सुंदर बनाने के लिए कोई कसर न छोड़ें मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज अंबाला छावनी नगर परिषद में काम करने वाले लोग चुनकर आए हैं। उनका नगर परिषद अधिकारियों, कर्मचारियों व पार्षदों से अनुरोध है कि अपने शहर को सुंदर बनाने के लिए कोई कसर न छोड़ी जाए। मंत्री अनिल विज ने अंबाला में कहा हमने हरियाणा का इतिहास बदल दिया। पूर्व की सरकारों में नौकरी के लिए दुकानें सजती थीं। अब काबिल युवाओं को नौकरी मिल रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हमने हरियाणा का इतिहास बदल दिया है। अंबाला छावनी की जनता ने उन्हें सात बार विधायक बनाया। वह वर्ष 1990 से सक्रिय राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैंने देखा है कि पहले की सरकारों में नौकरी के लिए दुकानें लगती थीं, बड़ी-बड़ी राशि देकर नौकरी देने के भी आरोप लगते रहे हैं। पहले सरकार नहीं दुकानदारी थी जहां माल बिकता था। परिवार व क्षेत्रवाद का बोलबाला था, इतना ही नहीं लोग अपने मकान या जमीनें बेचकर अपने बच्चों को नौकरी दिलाने के लिए मजबूर थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आते ही इस पर अंकुश लगाने का काम किया।

## हरियाणा सांसद निधि पर पड़ी कोविड-19 की मार, सांसदों को नहीं मिला पूरा फंड





**चंडीगढ़।** कोविड-19 की मार हरियाणा के सांसदों को मिलने वाली ग्रांट पर भी पड़ी। हालांकि, केंद्र सरकार ने कोविड-19 के कारण देशभर के सभी सांसदों की ग्रांट को सस्पेंड कर दिया था। इसे फिर से बहाल तो किया गया, लेकिन 2021-22 के लिए सांसदों को पांच करोड़ की बजाय एकमुश्त दो करोड़ रुपये की ग्रांट ही मिली। 17वीं लोकसभा में हरियाणा के दस पार्लियामेंट क्षेत्रों में से नौ में 17-17 करोड़ रुपये की ग्रांट जारी हुई। अंबाला संसदीय क्षेत्र के लिए 17 करोड़ की बजाय 12 करोड़ रुपये ही मंजूर हुए। इनमें से भी सात करोड़ रुपये के ही विकास कार्य हो पाए। पांच करोड़ रुपये की ग्रांट पेंडिंग ही रही। ग्रांट रुकने की सबसे बड़ी वजह यह भी रही कि यहां से सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री रहे रतनलाल कटारिया लंबे समय तक बीमार रहे। फिर उनके निधन के बाद एक साल के करीब यह संसदीय सीट खाली भी रही। इस वजह से एमपी लैंड के तहत मिलने वाली ग्रांट का उपयोग इस क्षेत्र में नहीं हो पाया। 17वीं लोकसभा के लिए हुए चुनावों में हरियाणा की सभी 10 संसदीय सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। सांसदों को हर साल पांच करोड़ रुपये की ग्रांट मिलती है। रोहतक, सोनीपत, हिसार, सिरसा, कुरुक्षेत्र, करनाल, भिवानी-महेंद्रगढ़, गुरुग्राम व फरीदाबाद संसदीय क्षेत्रों में 17-17 करोड़ रुपये की ग्रांट मिली। अंबाला से कांग्रेस के मौजूदा सांसद वरुण चौधरी द्वारा पार्लियामेंट में इस संदर्भ में सवाल किया। केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने उनके सवाल पर सदन में रिपोर्ट पेश की। वरुण मुलाना का कहना है कि अंबाला संसदीय क्षेत्र के लिए स्वीकृत हुई 12 करोड़ रुपये की ग्रांट में से भी पांच करोड़ की ग्रांट अधिकारियों की लापरवाही की वजह से इस्तेमाल नहीं हो पाई। उन्होंने सदन में पूछा कि 18वीं लोकसभा के हरियाणा के संसद सदस्यों को आवंटित करने की समय-सीमा क्या है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्तमान सांसद के खाते में अप्रतिबद्ध शेष राशि स्थानांतरित करने की प्रक्रिया ई-साक्षी पोर्टल पर एमपीलैड्स के पैरा 10.5.1 में प्रविधानों के तहत संचालित होती है।

## बीती रात फरीदाबाद की जवाहर कॉलोनी में चोरों ने कई घरों के ताले तोड़े।



**फरीदाबाद :** बीती रात फरीदाबाद की जवाहर कॉलोनी में चोरों ने कई घरों के ताले तोड़े। जहां एक ओर सारण थाने की पुलिस रात को कावड़ यात्रियों को सुरक्षा देने में व्यस्त रही, वहीं चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए चोरी की घटनाओं को अंजाम दे दिया। चोर बीती रात लाखों रुपए की ज्वेलरी एवं नगदी चोरी कर ले गए। इसके अलावा उन्होंने कुछ अन्य घरों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया, परंतु मजे की बात तो यह है कि चोरों ने जिन दूसरे घरों के ताले तोड़े वह घर काफी समय से खाली थे। जिस कारण वहां से चोरों को मायूस ही लौटना पड़ा। सोनिया शर्मा नामक महिला ने बताया कि वह जवाहर कॉलोनी की डिस्पोजल पर अपना क्लीनिक चलाती हैं और अपने परिवार के साथ जवाहर कॉलोनी में रहती है। पीड़िता ने बताया कि उनके पति किसी काम से गांव गए हुए थे और वह रात को क्लीनिक बंद कर कर अपने माईके चली गई और वहां से सुबह सीधा क्लिनिक आ गई। इसी दौरान उनके पास उनके किसी जानकार का फोन आया कि आपके घर का ताला टूटा है और गेट खुला हुआ है। वह अपने क्लीनिक से अपने घर पहुंची और अंदर जाकर देखा तो सारा सामान तीतर - बीतर हुआ पड़ा है। उनके द्वारा तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर डायल 112 पहुंच गई। साथ ही साथ पीड़िता ने बताया कि इससे कुछ समय पहले उनके क्लीनिक पर भी चोरी की वारदात हुई थी। उस समय भी पुलिस को सूचना दी गई, परंतु आज तक पुलिस ना तो चोरों का कोई सुराग निकाल पाई और ना ही उनका सामान वापिस मिल पाया। अब उनके घर पर भी चोर लाखों की ज्वेलरी और हजारों रुपए चोरी करके ले गए

## यूपी का कुख्यात गैंगस्टर पुलिस के लिए बना सिरदर्द, घर में घुसकर चलाई ताबड़तोड़ गोलियां



**पानीपत :** यूपी का कुख्यात बदमाश पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया है। शामली का रहने वाला 20 से ज्यादा आपराधिक वारदातों में शामिल कुख्यात गैंगस्टर जुनैद लगातार पुलिस को चुनौती दे रहा है। गैंगस्टर पानीपत के गांव गढ़ी बेसिक में गोली चलाकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 16 जून को जमीन विवाद में पानीपत पुलिस पर फायरिंग करने वाले गैंगस्टर जुनैद ने मंगलवार की रात गढ़ी बेसिक में फिर 5 फायरिंग की। इसके बाद सोशल मीडिया पर लिखा कि "आज तो बच गया, लेकिन आगे नहीं बचेगा"। नदीम ने बताया कि करीब 5 साल पहले मेरी बहन नदीमा की शादी जुनैद के साथ हुई थी। जुनैद, नदीमा को तंग करने लगा। जिस वजह वह बहन को 3 साल पहले घर ले आए थे। इसी वजह से जुनैद मुझसे रंजिश रखे हुए है। जुनैद एक साल पहले भी मुझ पर फायरिंग कर चुका है और फिलहाल जुनैद जमानत पर है। अप्रैल में जुनैद ने फिर जान से मारने की धमकी दी थी, इस पर दर्ज करवाया था। आरोपी चल रहा है फरार नदीम ने बताया कि जुनैद 8 जुलाई को पत्थरगढ़ निवासी उसके जीजा साकिर पर फायरिंग कर चुका है। 1 जुलाई को सहारनपुर निवासी मामा एहसान पर भी फायरिंग की थी। उनके हाथ में गोली मारी थी। इसे मामले में परिवार 10 दिन पहले भी एसपी से मिलकर शिकायत देकर आया था। इसके बाद भी जुनैद फरार है डीएसपी सतीश वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी का एक बदमाश है जिसने पानीपत में अपने रिश्तेदारी में आकर फायरिंग की है, जिसके खिलाफ पानीपत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है मामले में CIA की टीमों को पकड़ने के लिए लगा दिया गया है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी पर पानीपत में 5 मामले दर्ज हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## राष्ट्रपति ने स्काउट्स एवं गाइड्स को किया सम्मानित, डॉ. के. के. खंडेलवाल को मिला 'प्लैक ऑफ ऑनर'



**चंडीगढ़ :** राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली के गोदावरी हॉल में आयोजित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 16 उत्कृष्ट सदस्यों को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर पुरस्कार प्रमाणपत्र प्रदान किए। ये पुरस्कार वर्ष 2018 से 2021 के लिए प्रदान किए गए, जिसमें प्रत्येक वर्ष के लिए एक स्काउट, एक गाइड, एक रोवर और एक रेंजर को उनकी अद्वितीय सेवा और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। यह ऐतिहासिक अवसर राष्ट्रपति पुरस्कार परंपरा के पुनरुद्धार का प्रतीक था, जिसकी शुरूआत 1961 में हुई थी और जो 2015 तक जारी रही। इस समारोह के दौरान उपरोक्त वर्षों के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स पुरस्कारों का वितरण किया गया, और शेष प्रमाण पत्र एक आगामी राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदान किए जाएंगे। राष्ट्रपति भवन प्रोटोकॉल के अनुसार, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्य सुरक्षा और पहचान सत्यापन की औपचारिकताओं के बाद राष्ट्रपति भवन पहुंचे। उन्हें गोदावरी हॉल में स्थान दिया गया, जहां राष्ट्रपति के एडीसी ने उन्हें कार्यक्रम की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके पश्चात महानदी हॉल में माननीय राष्ट्रपति के साथ एक औपचारिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें डॉ. अनिल कुमार जैन (राष्ट्रपति, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स), डॉ. के. के. खंडेलवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, और श्रीमती रूपिंदर ब्रार, अंतरराष्ट्रीय आयुक्त (गाइड्स) उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रीमती ब्रार ने माननीय राष्ट्रपति को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का स्कार्फ पहनाया और मूवमेंट का संक्षिप्त परिचय दिया। राष्ट्रपति गोदावरी हॉल पहुंचीं, जहां उनका भव्य स्वागत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों द्वारा सलामी के साथ किया गया। इसके बाद भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की प्रार्थना ह्लदया कर दान भक्ति काह्व प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अनिल कुमार जैन के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने 16 युवा प्राप्तकताओं को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रपति का हार्दिक आभार प्रकट किया और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि सभी पुरस्कार प्राप्तकर्ता स्काउट/गाइड वचन को जीवन में अपनाते हुए दूसरों की सेवा में अग्रणी रहे हैं, और यह सिद्ध किया है कि जब दिल देश के लिए धड़कता है, तो उम्र कोई बाधा नहीं होती। डॉ. के. के. खंडेलवाल ने राष्ट्रपति को ह्वप्लैक ऑफ ऑनरह्न भेंट किया और संगठन के उद्देश्यों, लक्ष्यों एवं 1909 में स्थापना से लेकर 1950 में एकीकृत संगठन बनने तक के योगदान की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स आंदोलन ने 7 नवंबर 2024 से शताब्दी समारोह की शुरूआत की है।

# भारत-पाक मैच की संभावना, बीसीसीआई संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप की मेजबानी के लिए तैयार

**नई दिल्ली/ढाका (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में आगामी एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है और इसकी औपचारिक घोषणा कुछ ही दिनों में होने की उम्मीद है। एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। ACC की बैठक के बाद यह फैसला हुआ जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया।

बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व इसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया। ACC के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, 'BCCI UAE में एशिया कप की मेजबानी करेगा। भारत के अपने सभी मैच दुबई में खेलने की संभावना है। कार्यक्रम पर अब भी विचार-विमर्श चल रहा है।% यह टूर्नामेंट सितंबर में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक समय तक चलेगा। इसे महीने के अंतिम सप्ताह से पहले समाप्त करना होगा क्योंकि इसी समय भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलनी है।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया, 'हमारे उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एसीसी बैठक में शामिल हुए। वह सदस्यों को जानकारी देंगे। मैं अटकलों पर विश्वास नहीं करता इसलिए आपको कुछ दिनों में आधिकारिक तौर पर पता चल जाएगा।' ढाका में ACC अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभावित भारत-पाक मैच के बारे में पूछे जाने पर कुछ नहीं बताया।

नकवी ने पत्रकारों से कहा, 'हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। हमने बीसीसीआई के साथ चर्चा की थी और कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हम जल्द ही सुलझा लेंगे। सभी 25 सदस्य बैठक में या तो शारीरिक रूप से या वर्चुअली शामिल हुए। हम सभी एकमत हैं।' यह भी पता चला है कि बीसीसीआई के दबाव के कारण एजेंडे के 10 मुद्दों में से केवल दो पर ही चर्चा हुई। अ



## ऋषभ इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए, अगले छह सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे



**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण करीब डेढ़ महीने के लिए खेल से बाहर हो गये है। ऋषभ ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ हो रही इस सीरीज से बाहर हो गये हैं जो भारतीय टीम के लिए एक बड़ा है। चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन ही इस बल्लेबाज को क्रिस वोक्स की एक तेज गेंद लगी थी। ऐसे में डॉक्टरों ने उन्हें तकरीब छह सप्ताह तक आराम करने कहा है। इस बल्लेबाज ने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। जिसको देखते हुए टीम को उनकी कमी खलेगी। चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन ही वोक्स की गेंद पर वह चोटिल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। उन्हें दर्द ज्यादा होने के कारण एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। वहीं उनकी स्कैन जांच में फ्रैक्चर पाया गया। जिससे वह कम से कम 6 सप्ताह तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। वह अब मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। बीसीसीआई की एक मेडिकल टीम अभी ये संभावना तलाश रही है कि क्या उन्हें पेन किलर देकर बल्लेबाजी के लिए उतारा जा सकता है हालांकि जिस प्रकार का दर्द उन्हें हुआ। उसे देखकर ये संभव नजर नहीं आता। वह वोक्स की चौथी गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलना चाहते थे पर ये गेंद बल्ले पर नहीं आई जिससे वह सीधे उनके पैर पर लगी। वह इसके बाद काफी देर तक दर्द से कराहते हुए नजर आए। गेंद लगने के बाद पंत के पैर में सूजन आ गई और खून निकलने लगा। वह पैर पर भार तक नहीं दे पा रहे थे। वह हाल में चोट से उबरे थे। इससे पहले उन्हें उंगली में चोट लगी थी।

## विश्वकप के लिए नये सिरे से तैयारी करनी होगी : हरमनप्रीत

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने कहा है कि अब उनकी टीम स्वदेश लौटने के बाद एकदिवसीय विश्वकप की तैयारियां करेगी। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत से उत्साहित हरमनप्रीत ने कहा कि इससे टीम का मनोबल बढ़ा है पर हमें यहीं नहीं रुकना है क्योंकि हर बार के हालात अलग होते हैं। इसलिए विश्वकप की शुरुआत नये सिरे से करनी होगी। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में एकदिवसीय के अलावा टी20 प्रारुप भी जीता है। वहीं अब भारतीय टीम 14 सितंबर से घरेलू मैदान पर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करेगी। इसके बाद 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में महिला एकदिवसीय विश्व कप खेला जाएगा। जिसमें उसका लक्ष्य जीत हासिल करना रहेगा।

हरमनप्रीत ने कहा, ''हर मैच और हर परिस्थिति अलग होती है। यहां परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं, पिच भी अलग थी, माहौल भी अलग था। वहीं विश्वकप के दौरान घरेलू मैदान पर हालात अलग होंगे।'' उन्होंने कहा, ''जब भी आपको जीत मिलती है तो आपकी मानसिकता सकारात्मक हो जाती है। इस तरह की चीज आपको अच्छी स्थिति में रखती हैं।''

हरमनप्रीत ने कहा, ''पर जब भी आप अगला मैच खेल रहे हों, तो आपको हमेशा पहली गेंद से ही शुरुआत करनी होती है और मुझे



लगता है कि इस सीरीरज से निश्चित रूप से हमारा मनोबल बढ़ेगा लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि हम आत्ममुग्ध हो जायें। जब हम स्वदेश लौटेंगे तो हमें फिर से नई शुरुआत करनी होगी।' भारतीय कप्तान ने इंग्लैंड दौरे में सफलता का श्रेय टीम वर्क को दिया। उन्होंने कहा कि हमारी टीम पिछले कई वर्षों से कड़ी मेहनत कर रही थी जिसका परिणाम अब मिल रहा है।

# मैनचेस्ट में टीम इंडिया का अनोखा रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में हुआ ऐसा पहली बार

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच चौथा टीम टेस्ट मैच मैनचेस्टर में खेला जा रहा है। लॉर्ड्स में हार के बाद भारतीय टीम ने 3 बदलाव किए। लगातार बल्ले से संघर्ष कर रहे करुण नायर की छुट्टी हुई। उनकी जगह साई सुदर्शन को मौका दिया गया। इसके अलावा चोटिल तेज गेंदबाज आकाशदीप की जगह अंशुल कंबोज को डेब्यू का मौका मिला।

मैनचेस्टर टेस्ट में भारतीय टीम ने अनोखा रिकॉर्ड बनाया। ये भारत के टेस्ट इतिहास में कभी भी नहीं हुआ। वॉशिंगटन सुंदर जैसे ही बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे, ये रिकॉर्ड भी बन गया। दरअसल, सुंदर इस पारी में भारत के लिए पांचवें बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट के अपने इतिहस में पहली बार भारतीय मेंस क्रिकेट टीम प्लेइंग



इलेवन में पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ टेस्ट मैच खेल रही है।

मैनचेस्टर टेस्ट में भारतीय टीम ने अनोखा रिकॉर्ड बनाया। ये भारत के टेस्ट इतिहास में कभी भी नहीं हुआ। वॉशिंगटन सुंदर जैसे ही बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे, ये रिकॉ्ड भी बन गया। दरअसल, सुंदर इस पारी में भारत के लिए पांचवें बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। टेस्ट क्रिकेट के अपने इतिहास में पहली बार भारतीय मेंस क्रिकेट टीम प्लेइंग इलेवन में पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों के साथ टेस्ट मैच खेल रही है।

भारत की प्लेइंग 11 में यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंद के रूप में 5 बाएं हाथ के बल्लेबाजखेल रहे हैं। जायसवाल ने 107 गेंदों पर 58 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 10 चौके और 1 छक्का लगाया। 3 नंबर पर उतरे साई सुदर्शन पारी को शतक में तब्दीलनहीं कर पाए। उन्होंने 7 चौकों की बदौलत 151 गेंदों पर 61 रन बनाए।

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पहले दिन चोट के कारण रिटायर हर्ट हुए थे। हालांकि, चोट के बावजूद भी वह दूसरे दिन बल्लेबाजी करने उतरे। दूसरे दिन लंच तक पंत 39 रन और सुंदर 20 रन बनाकर नाबाद हैं। रवींद्र जडेजा लगातार 5 अर्धशतक से चूक गए। पहली पारी में उन्होंने 40 गेंदों का सामना किया और 20 रन बनाए।

## शार्दुल को टीम में शामिल करना सही नहीं : सिद्धू

लंदन। पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किये जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि कामचलाऊ खिलाड़ी टीम को जीत नहीं दिला सकते हैं। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के चोटिल होने के बाद मैनचेस्टर टेस्ट में उनकी जगह शार्दुल ठाकुर को अंतिम ग्यारह में शामिल किया गया। सिद्धू इस प्रकार के चयन करने से नाराज दिखे। सिद्धू ने कहा, 'आठवें नंबर पर अगर शार्दुल अर्धशतक भी बना दें तब भी वह फायदेमंद नहीं रहेंगे। साथ ही कहा कि इस प्रकार के क्रिकेटर एकदिवसीय क्रिकेट में तो अच्छा कर सकते हैं पर टेस्ट क्रिकेट में आपको हमेशा विशेषज्ञों की जरूरत होती है। अगर आप गेंदबाज शार्दुल को नंबर 8 पर ला रहे हैं तब तो मैं भी कहूंगा कि सही चयन नहीं है।'

## जॉन सीना को मैकइंटायर ने मुकाबले के लिए ललकारा

न्यूजर्सी। डब्ल्यूडब्लयूई रेसलर जॉन सीना को स्कॉटिश पेशेवर रेसलर मैकइंटायर ने मुकाबले की चेतावनी दी है। मैकइंटायर का वास्तविक नाम एंड्रयू मैकलीन गैलोवे है। सीना को समरस्लैम 2025 में कोडी रोड्स के खिलाफ डब्यूडब्यलूई चैंपियनशिप का बचाव करना है। वहीं अब बीच में मैकइंटायर आ गये है। मैकइंटायर ने सीना का मजाक



उड़ाते हुए डब्ल्यूडब्लयूई चैंपियनशिप जीतने के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सीना का अंतिम मुकाबला संन्यास से पहले गुंथर से होना था। वहीं अब मैकइंटायर ने कहा कि मैं पांच हफ्ते के लिए बाहर था। मैं वापस आया हूं। मैं उन व्यक्तिगत मुद्दों में शामिल नहीं हो रहा हूं जिनमें मैं पिछले दो सालों से शामिल था। मैं अब खिताब वापस जीतना चाहता हूं। रैंडी ऑर्टन पर जीत से मेरी शुरुआत होगी। जॉन सीना डब्ल्यूडब्लयूई के बड़े स्टार हैं। उन्होंने कई सालों तक डब्ल्यूडब्लयूई में काम किया है। उनके बहुत सारे प्रशंसक हैं। सीना का रिटायरमेंट डब्ल्यूडब्लयूई के लिए एक बड़ा नुकसान होगा। ड्रू मैकइंटायर भी डब्ल्यूडब्लयूई के बड़े स्टार हैं। उन्होंने कई चैंपियनशिप जीती हैं। मैकइंटायर चैंपियनशिप में सीना को हराने में सक्षम माने जाते हैं। वहीं सीना और रोड्स के बीच मुकाबला बहुत ही रोमांचक होने वाला है। इस मैच को देखने के लिए प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन यह मैच जीतता है।

## शास्त्री के पसंदीदा पांच खिलाड़ियों में सचिन पहले नंबर पर

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री के पसंदीदा शीर्ष पांच क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, कपिल देव, विराट कोहली और एमएस धोनी हैं। शास्त्री ने इनमें से गावस्कर और कपिल और सचिन के साथ खेला है जबकि बाकि दो के वह कोच रहे हैं। उनके अनुसार सचिन सबसे प्रभावशाली क्रिकेटर रहे हैं। शास्ती ने अपने करियर में 80 टेस्ट और 150 वनडे मैच खेले, जिसमें 3830 और 3108 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 151 और एकदिवसीय में 129 विकेट लिए। शास्त्री एक कार्यक्रम में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और एलेस्टेयर कुक के साथ बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान जब शास्त्री से भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली और महान खिलाड़ियों के नाम पूछे गए तो उन्होंने कहा कि कि। इन पांच खिलाड़ियों ने अलग-अलग



तरीकों से और विभिन्न पीढ़ियों पर प्रभाव छोड़कर भारतीय क्रिकेट का चेहरा बदला। शास्त्री ने सचिन से शुरुआत की, जिन्होंने 20 से ज्यादा साल तक भारतीय फैंस की उम्मीदों का भार संभाला। वह 100 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाल एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने 34357 सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं। वहीं गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट को एक नया आत्मविश्वास दिया। वह 10 हजार टेस्ट रनों का आंकड़ा हासिल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी थे। कपिल देव ने महान कप्तान और ऑलराउंडर के तौर पर भारत को 1983 का विश्व कप जिताया। वहीं विराट ने अपने आक्रामक अंदाज से कप्तान और कोच के तौर पर भारत को टेस्ट क्रिकेट में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कोहली भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाले कप्तान हैं। उन्होंने 67 टेस्ट मैचों में कप्तानी करने के बाद 40 जीते। उन्होंने मई 2025 में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। वहीं पूर्व कप्तान धोनी ने भारत को तीन आईसीसी ट्रॉफी जिताई।

# संजय मांजरेकर ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल की आलोचना की, बताई आउट होने की वजह

**मैनचेस्टर(एजेंसी)।** भारतीय टीम के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल जो एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में रिकॉर्ड तोड़ शुरुआत के बाद वाहवाही बटोर रहे थे, अब मैदान के अंदर और बाहर दोनो जगह आलोचनाओ का सामना कर रहे है।

पहले दो टेस्ट मैचो में दो शतक और एक दोहरा शतक लगाने के बाद तीसरे टेस्ट लॉर्ड्स में गिल की कहानी ने एक नया मोड़ लिया। जहा उनके प्रदर्शन में गिरावट आई और पहली पारी में 16 रन, दूसरी पारी में 6 रन ही बना पाए। अब मैनचेस्टर में चल रहे चौथे टेस्ट मैच में भी गिल पहली पारी में कुछ खास नही कर पाए और केवल 12 रन बनाकर आउट हो गए। पूर्व भारतीय खिलाडी और क्रिकेट कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें निशाना बनाया और गिल के प्रदर्शन पर बड़ा बयान दिया।

मांजरेकर ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'गिल, जो पहले पूरी ताकत से बल्लेबाजी कर रहे थे, अचानक अनिश्चित दिखने लगे। उनके रक्षात्मक आउट होने से पता चलता है कि वह हिचकिचाहट के साथ खेल रहे हैं, न कि उस आज़ादी के साथ जो हमने एजबेस्टन में देखी थी।'

आगे मांजरेकर ने कहा, 'हालाँकि गिल अभी भी सीरीज़ में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी हालिया पारियाँ लॉर्ड्स विवाद के बाद आई मानसिक रुकावट का संकेत देती हैं। यह कोई लंबा और खराब दौर नहीं है, बल्कि एक ऐसा दौर है जहाँ मानसिक दबाव और बाहरी शोर उनके खेल में साफ़ तौर पर घुस आया है।'

गौर है कि मैनचेस्टर में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर मेहमानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पहली पारी में भारत ने चार विकेट



खोकर 264 रन बनाए है। स्टंप्स के समय रवींद्र जडेजा 19* और शार्दुल ठाकुर 19* रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है।

## एशिया कप सात सितंबर से दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा !


मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में शामिल होने के लिए तैयार होने से अब एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की राह साफ हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ये टूर्नामेंट 7 सितंबर से शुरु होने की संभावना है। टी20 प्रारुप में होने वाला ये टूर्नामेंट दो शहरों में खेला जा सकता है। इसका आयोजन दुबई और अबू धाबी में किये जाने की संभावना है। टूर्नामेंट की रूप रेखा तय की जा रही है पर ये साफ हो गया है कि है इस बार 8 टीमों के साथ ये टूर्नामेंट खेला जाएगा। इसमें सदस्य देशों के साथ ही एसीसी प्रीमियर कप के 3 विजेता





भी रहेंगे। पूर्ण सदस्य देशों की बात करें तो इसमें भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें भी शामिल है जबकि एसीसी प्रीमियर कप के 3 विजेता यूएई, ओमान और हॉन्ग कॉन्ग थे। इस तरह कुल 8 टीमें इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली हैं। रिपोर्ट के अनुसार 7 सितंबर से 21 सितंबर तक एशिया कप 2025 खेला जा सकता है। टी20 विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में होगा। पिछली बार एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन बड़े प्रारुप में हुआ था। हाइब्रिड मॉडल के तहत तब पाकिस्तान और श्रीलंका में मैच आयोजित किए गए थे।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, प्रणय को मिली हार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया के लियो रोली कर्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हार कर बाहर हो गए। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना रेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-15 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। वहीं दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया और आखिरी क्षणों में भी संयम बनाए रखते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।



## लियाम डॉसन को शामिल करने से इंग्लैंड को मजबूती मिली है : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान



मैनचेस्टर - इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को टीम में शामिल करने से मेजबान टीम को मजबूती मिली है क्योंकि वह ऑलराउंडर हैं और टीम को आवश्यक संतुलन प्रदान करते हैं। शोएब बशीर की चोट के कारण आठ साल के अंतराल के बाद अंतिम एकादश में शामिल किए गए 35 वर्षीय डॉसन ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल को अपनी सातवीं गेंद पर ही आउट करके अपना प्रभाव छोड़ा। वॉन ने 'टेस्ट मैच स्पेशल' पॉडकास्ट में कहा, 'वह ऐसे क्रिकेटर हैं जिनसे कप्तान अच्छी गेंदबाजी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी फील्डिंग की उम्मीद कर सकता है। वह संपूर्ण पैकेज हैं जिनके टीम में रहने से इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी मजबूती मिलेगी।' डॉसन ने इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट मैच 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने काउंटी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके इंग्लैंड की टीम में वापसी की। गौर हो कि इंग्लैंड के खिलाफ सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (58 रन) के अर्धशतक के बाद साई सुदर्शन (61 रन) ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए फिफ्टी लगाई जिससे भारत ने बुधवार को यहां चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंप तक चार विकेट पर 264 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक रविंद्र जडेजा और शारदुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पैर में चोट लगने के कारण 'रिटायर्ड हर्ट' हो गए।


# 'यह समझना मुश्किल है', पूर्व क्रिकेटर ने मैनचेस्टर टेस्ट के लिए भारतीय प्लेइंग 11 पर उठाए सवाल




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मुरली कार्तिक ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में भारतीय प्लेइंग 11 पर सवाल उठाए हैं। मेहमान टीम को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण मैनचेस्टर में कुछ जरूरी बदलाव करने पड़े थे। आकाश दीप की चोट के कारण अंशुल कंबोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया और अंततः ओल्ड ट्रैफर्ड में उन्होंने डेब्यू किया। इसके अलावा करुण नायर के खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया और साई सुदर्शन को वापस बुलाया गया।कार्तिक ने फिट होने के बावजूद प्रसिद्ध कृष्णा को प्लेइंग 11 से बाहर किए जाने पर सवाल उठाए।

पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर ने कहा, %करुण नायर की जगह सुदर्शन को टीम में शामिल किया गया। आकाश दीप नहीं खेल रहे थे, और अंशुल कंबोज को पदार्पण का मौका मिला। शार्दुल ठाकुर की वापसी दिलचस्प है क्योंकि अगर हम देखें, तो प्रसिद्ध कृष्णा अभी भी दो टेस्ट मैच खेलने के लिए फिट थे और अब अचानक, वह अंतिम एकादश में फिट नहीं बैठते। अंशुल कंबोज टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन उन्हें बाहर से बुलाया गया है और टीम में शामिल हर्षित राणा को खेलने का मौका नहीं दिया गया। इसलिए यह समझना मुश्किल है कि इससे क्या संदेश जाता है।'

गौर हो कि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (58 रन) के अर्धशतक के बाद साई सुदर्शन (61 रन) ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए फिफ्टी लगाई जिससे भारत ने बुधवार को यहां चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंप तक चार विकेट पर 264 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक रविंद्र जडेजा और शारदुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पैर में चोट लगने के कारण 'रिटायर्ड हर्ट% हो गए।



# पंकज त्रिपाठी ने बताया फिल्मों के न चलने का कारण

अभिनेता पंकज त्रिपाठी की गिनती इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों में होती है। हाल ही में आई अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनों' में एक बार फिर उन्होंने अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया था। 'मेट्रो इन दिनों' अच्छे रिव्यू के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। अब अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के लिए महंगे टिकट प्राइस को जिम्मेदार ठहराया है।

### महंगे टिकट हैं एक बाधा

बातचीत में पंकज त्रिपाठी ने दर्शकों के सिनेमाघरों में न पहुंचने पर प्रतिक्रिया दी है। अभिनेता ने कहा कि इस मामले में टिकट की कीमतें एक मुद्दा हैं और उसकी भी एक भूमिका है। अगर आज किसी परिवार को थिएटर जाना पड़े, तो यह बहुत महंगा सौदा है। टिकट की कीमतें और वहां परोसा जाने वाला खाना बहुत महंगा है। हालांकि, ये बिजनेस का खेल मेरी समझ से बाहर है। लेकिन हां, मुझे लगता है कि फिल्म के टिकट बहुत महंगे हैं और यह निश्चित रूप से एक बाधा है।

### मंगलवार और नेशनल सिनेमा डे पर बढ़ जाती है दर्शकों की संख्या

पंकज त्रिपाठी ने आगे कहा कि सिर्फ मंगलवार या नेशनल सिनेमा डे पर जब टिकट की कीमतें कम होती हैं, तो सिनेमाघरों में दर्शकों की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए अगर टिकट की कीमतें सही होंगी, तो दर्शकों की संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी। एक परिवार के लिए 2 हजार रुपए खर्च करके और पांच घंटे का समय निकालना, जिसमें आना-जाना भी शामिल है। ये आसान बात नहीं है। 2 हजार कोई बहुत छोटी रकम नहीं है।

### 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आए थे पंकज

वर्क फ्रंट की बात करें तो पंकज त्रिपाठी हाल ही में 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आए थे। फिल्म में उनके काम की तारीफ भी हुई थी। इसके अलावा वो अपनी पॉपुलर वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस सीजन 4' में एक बार फिर वकील माधव मिश्रा के किरदार में दिखे थे। दोनों ही कामों की तारीफ हुई थी। अभिनेता इन दिनों अपनी फैमिली एंटरटेनर फिल्म 'पारिवारिक मनुरंजन' की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में वो अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ नजर आएंगे।



# सपने जैसा है बड़े पोस्टर्स और पर्दे पर खुद को देखना

**अभिनेत्री फातिमा सना शेख की दो फिल्में मेट्रो इन दिनों और आप जैसा कोई हाल ही में रिलीज हुई। सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट कर सना ने कहा कि बड़े पोस्टर्स और सिनेमाघरों के पर्दे पर खुद को देखना अभी भी सपने जैसा लगता है। फातिमा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए इसे लव लेटर करार दिया। फातिमा ने कैप्शन में लिखा, कभी नहीं सोचा था कि मेट्रो इन दिनों और आप जैसा कोई एक साथ रिलीज होंगी और दोनों को इतना प्यार मिलेगा।**

उन्होंने दर्शकों से मिल रहे प्यार के लिए आभार जताया और कहा, मैं अभिभूत हूं, आभारी हूं, और अभी भी इस खुशी को आत्मसात कर रही हूं। बड़े पोस्टर्स और पर्दे पर खुद को देखना सपने जैसा है। उन्होंने निर्देशक अनुराग बसु और विवेक सोनी को धन्यवाद देते हुए कहा कि दोनों ने उन्हें चुनौती दी, मार्गदर्शन किया और उनके दिल को प्यार से भर दिया। फातिमा ने लिखा, आपके प्यार, इस खूबसूरत सफर और मुझे सही मायनों में समझने के लिए शुक्रिया। मेट्रो इन दिनों आधुनिक रिश्तों की मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है, जिसमें प्रेम, दिल टूटने और मानवीय रिश्तों की कहानियां हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख के साथ आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म साल 2007 में आई अनुराग बसु की लाइफ इन अ... मेट्रो की सीक्वल है, जो शादी, प्रेम और रिश्तों जैसे विषयों को छूती है। वहीं, आप जैसा कोई में फातिमा के साथ अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनेता इस फिल्म में एक साधारण संस्कृत प्रोफेसर श्रीरेनु त्रिपाठी के किरदार में हैं, जबकि फातिमा एक फ्रेंच शिक्षिका मधु बोस की भूमिका में हैं।



# हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हुए विद्युत जामवाल

**अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है।**

### विद्युत की हॉलीवुड में एंट्री

डेडलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, विद्युत इस हॉलीवुड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' में धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए विद्युत हॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है। जो योग और मार्शल आर्ट्स में माहिर है। इसे पहली बार 1991 में 'स्ट्रीट फाइटर II' में दिखाया गया था। धालसिम केवल अपने परिवार की रक्षा और समर्थन के लिए लड़ता है।

### किताओ सकुराई ने किया है फिल्म का निर्देशन

'स्ट्रीट फाइटर' का निर्देशन किताओ सकुराई ने किया है, जिन्हें 'बैड ट्रिप' और 'आर्डवार्क' के लिए जाना जाता है। इसमें डेविड डस्टमालचियन भी एक विलेन की भूमिका में हैं, उनके साथ एंड्रयू कोजी, नोआ सेंटीनो, जेसन मोमोआ, रोमन रेंस, ऑरविल पेक और एंड्रयू शुल्ज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह वीडियो गेम सीरीज आधिकारिक तौर पर 1987 में शुरू की गई थी और यह एम. बाइसन द्वारा एक वर्ल्ड फाइटिंग टूर्नामेंट के रूप में आयोजित मार्शल आर्ट कलाकारों के ग्रुप्स के बीच आमने-सामने की जबरदस्त लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती थी। इसके साथ ही विद्युत जामवाल भी आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, तब्बू और इरफान खान समेत उन बॉलीवुड कलाकारों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जो हॉलीवुड की फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

# पवन कल्याण की उस्ताद भगत सिंह में नजर आएंगी राशि खन्ना

पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म उस्ताद भगत सिंह में श्रीलीला मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। लेकिन अब ताजा जानकारी के अनुसार, फिल्म में श्रीलीला के अलावा भी एक और साउथ एक्ट्रेस की एंट्री हो गई है।

### उस्ताद भगत सिंह में हुई एक और साउथ अभिनेत्री की एंट्री

पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। निर्माता इस महीने के आखिर तक पवन कल्याण के हिस्से की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। साथ ही, उनके जन्मदिन पर एक खास टीजर भी रिलीज करने की योजना है। श्रीलीला इस एक्शन ड्रामा में मुख्य अभिनेत्री हैं। स्क्रिप्ट में एक और नायिका की जगह है। एक खबर के मुताबिक, राशि खन्ना दूसरी मुख्य नायिका हो सकती हैं। राशि पहले साई धर्म तेज और वरुण तेज के साथ मेगा कैंप की सफल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रशंसक इस खबर से उत्साहित हैं, हालांकि, आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।

फिल्म उस्ताद भगत सिंह में पवन कल्याण और श्रीलीला के अलावा आशुतोष राणा, गौतमी, नागा महेश, टेम्पर वामसी और केजीएफ फेम अविनाश भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स कर रहे हैं। फिल्म का शानदार संगीत देवी श्री प्रसाद दे रहे हैं। इस फिल्म के अलावा पवन कल्याण फिल्म हरि हर वीर मल्लु में नजर आएंगे। यह एक एतिहासिक एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इस फिल्म को कृष जगरलामुदी और ए.एम. ज्योति कृष्णा ने लिखा और निर्देशित किया है। यह एक महान डाकू के ऊपर आधरित है। इस फ़िल्म में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नोरा फतेही और विक्रमजीत विर्क ने मुख्य भूमिका निभाई हैं।




# विवियन डीसेना के साथ टीवी पर कमबैक करेंगी दीपिका कक्कड़?

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस और फैंस की जान दीपिका कक्कड़ इन दिनों निजी जिंदगी में दर्द से गुजर रही हैं। स्टेज 2 लिवर कैंसर से लड़ रहीं दीपिका ने जहां सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के बाद टीवी से ब्रेक ले लिया था, वहीं अब खबर है कि वह छोटे पर्दे पर कमबैक कर सकती हैं। यही नहीं, खास खबर ये है कि ससुराल सिमर का और कहां हम कहां तुम फेम एक्ट्रेस इस बार विवियन डीसेना के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। हाल ही एक इंस्टाग्राम लाइव के दौरान, दीपिका ने काम पर वापस लौटने के बारे में खुलासा किया था। वह एक फैन के सवाल का जवाब दे रही थीं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने डॉक्टर से भी पूछा था कि वह टेलीविजन पर कब वापसी कर सकती हैं। दीपिका ने बताया कि वह कमबैक का प्लान बना रही हैं। वह चाहती हैं कि जब उनका बेटा रुहान स्तनपान बंद कर देगा, तब वह वापसी करेंगी। दीपिका ने यह भी बताया कि वह पर्दे पर लौटने से पहले अपनी फिटनेस पर काम करेंगी। हालांकि, फिलहाल, कैंसर का पता चलने से उनकी प्लानिंग में सबकुछ बदल गया है।



### विवियन डीसेना को भी किया संपर्क!



इस बीच, खबरें ये भी हैं कि रवि दुबे और सरगुन मेहता के प्रोडक्शन हाउस ने दीपिका कक्कड़ से एक नए शो के लिए संपर्क किया है। दिलचस्प बात यह है कि मधुबाला - एक इश्क एक जुनून और बिग बॉस फेम विवियन डीसेना को भी इस शो के लिए अप्रोच किया गया है। यानी अगर सब ठीक रहा तो दीपिका और विवियन की जोड़ी एक नए टीवी सीरियल में नजर आएगी।



# तलाक और सेपरेशन का दौर मुश्किल था, मगर बीत गया

महज 17 साल की उम्र में याद रखेगी दुनिया से अपने करियर का आगाज करने वाली अभिनेत्री रुखसार रहमान के करियर में एक ब्रेक जरूर आया, मगर अभिनय की दूसरी पारी में उन्होंने डी, गॉड तुस्सी ग्रेट हो, सरकार, पीके, उरी, 83 जैसी कई फिल्मों में काम किया। एक डिवोर्स और एक सेपरेशन से गुजर चुकीं रुखसार अभिनेत्री आयशा अहमद की सिंगल पैरेंट हैं। जल्द ही उन्हें चैट शो द वेदाज़ स्पीक अवर स्प्रिचुअल में बतौर होस्ट देखा जा सकेगा।

**आपका एक डिवोर्स और फिर दूसरा सेपरेशन, इन दोनों रिश्तों के समय आपने अपनी जिंदगी को कैसे हैंडल किया?**

जब आप किसी रिश्ते में होते हैं, तो उससे आपको इमोशनल जुड़ाव तो होता ही है। जाहिर-सी बात है आप इमोशनली तो टूट ही जाते हैं, वो मेरे साथ भी हुआ। लेकिन ऊपर वाले का शुक्र है कि मेरे साथ मेरी बेटी आयशा (उनकी अभिनेत्री बेटी आयशा अहमद) और उसके दोस्त थे। मेरे अपने दोस्तों और परिवार ने बहुत हिम्मत दी। फिर वक्त एक ऐसा मरहम है, जो हर जख्म को भर देता है। ये बात अलग है कि कभी -कभी बहुत तकलीफ होती है, हर चीज की, मगर हम जीना नहीं छोड़ते। निजी जिंदगी में वो दौर मुश्किल था, मगर मैं सोचती हूं कुछ भी हमेशा एक जैसा नहीं रहता। उसी सोच ने आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

**बेटी आयशा के साथ सोशल मीडिया पर आपके पोस्ट काफी वायरल होते रहते हैं, एक सिंगल पैरेंट होना आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण है?**

हम लोग तो सोशल मीडिया पर क्या ही करते रहते हैं। हम लोगों की बॉन्डिंग बहुत अच्छी है। मुझे अपनी बेटी पर गर्व है, जो कुछ आज वो बन पाई है। वो बहुत ही प्यारी बेटी है। मैं भी काफी अमेजिंग मां हूं। वो मुझे सोशल मीडिया पर फैशन के अलग-अलग ट्रेंड के बारे में बताती रहती कि ये पैंट्स या मेकअप इन है। ये पहनो, ये मत पहनो। एक सिंगल पैरेंट होना मेरे लिए जरा भी मुश्किल नहीं है, क्योंकि एक पॉइंट के बाद आपको आदत पड़ जाती है। हां तकलीफ तब होती थी, जब मैं शूट करती होती और वो बीमार हो जाया करती थी। तब मैं बहुत बेचैन हो जाती थी। उससे मिलने जाती थी।

**क्या ये सच है कि मात्र 15 साल की उम्र में आप सनम बेवफा में सलमान खान की हीरोइन बनने वाली थीं? मगर निर्देशक के साथ स्ट्रिक्ट कॉन्ट्रैक्ट के कारण आपने फिल्म छोड़ी?**

ये बहुत पुरानी बात हो गई है, मगर ये सच है कि वो कॉन्ट्रैक्ट कुछ अलग ही था। हालांकि अब तो वो लोग रहे भी नहीं। पर उसमें कुछ ऐसे क्लॉज थे, जो मेरे पैरेंट्स को नागवार थे और उन्होने उस पर साइन नहीं किया था। मैं तो माइनर थी उस वक्त, तो मेरे पैरेंट्स ही मेरा काम देखते थे। मेरे पिता आईएएस अफसर थे, तो उन्हें समझ थी कि इसका मुझ पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। उस फिल्म में जब दूसरी अभिनत्री चांदनी को लिया गया।

**आपको लगता है कि सलमान खान के साथ आपने अपना फ़िल्मी सफर शुरू किया होता, आज आपका करियर कुछ और होता?**

ये तो वही बात हुई, यों होता, तो क्या होता? मगर मैं मानती हूं कि आज मेरे पास जो कुछ भी है, अल्हम्दुलिल्लाह बहुत अच्छा है। मुझे किसी चीज का मलाल नहीं। सालों बाद जब मैंने सलमान के साथ गॉड तुसी ग्रेट हो, में काम किया, तो बहुत मजा आया। वो बहुत अच्छे से मिले। वो बहुत रिस्पेक्ट देते हैं। उनके साथ काम करना यादगार रहा।

**आप स्पिरिचुअल चैट शो की तरफ क्यों आकर्षित हुईं?**

मुझे लगता है अध्यात्म की ओर मेरा हमेशा से झुकाव रहा है। असल में अध्यात्म तो हमारा मूल है। यही वजह है कि जब मेरे निर्माता आजिंक्य इस चैट शो द वेदाज़ स्पीक अवर स्प्रिचुअल का प्रस्ताव मेरे पास लेकर आए तो मुझे ये बहुत जंचा। इसमें वेदों की आध्यात्मिकता को आज के दौर से जोड़ा जाएगा। आज जब हर चीज को ग्रांटेड लेने लगे हैं, तो ऐसे में हम ग्रैटिट्यूड देना भूल गए हैं। यह चैट शो अध्यात्म के कई पहलुओं पर बात करेगा। स्पिरिचुअलिज्म ने मुझे न केवल मजबूत बनाया बल्कि मेरे अंदर सुकून भी दिया।

**आप अन्नू कपूर के साथ उत्तर दा पुत्तर के अलावा राज कुमार संतोषी जैसे निर्देशक के साथ भी फिल्में कर रही हैं, उनके साथ आपका अनुभव कैसा रहा?**

अन्नू कपूर के साथ काम करना बहुत ही मजेदार रहा। वे बहुत ही शानदार एक्टर हैं। उनका दिमाग बहुत तेज है।सेट पर मेरे सीन्स खत्म हो जाने के बावजूद मैं शूटिंग पर मौजूद रहती थी, ताकि उन्हें ऑब्जर्व कर सकूं। उनके पास अपने अपने क्राफ्ट का गहरा अनुभव है, तो जब आप उन जैसे सीनियर एक्टर के साथ काम करते हैं, तो आपको बहुत कुछ सीखने मिलता है। राजकुमार संतोषी जी के साथ मैं जो फिल्म कर रही हूं, उसके बारे में ज्यादा बता नहीं सकती। मगर बहुत गर्व हो रहा है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।